RNI : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 52 ● भिलाई, सोमवार 25 अगस्त 2025 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली चिड़ियाघर में 15 दिन में 4 बाघ शावकों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली चिड़ियाघर में पिछले 15 दिनों में चार बाघ शावकों की मौत हो गई है. 4 अगस्त को दिल्ली चिड़ियाघर में सात साल की बाघिन अदिति ने छह शावकों को जन्म दिया दिया था. इससे पहले 8 अगस्त की सुबह सबसे छोटे शावक की बाड़े के अंदर मौत हो गई थी. एक अन्य शावक, जो कमज़ोर था और अपनी बाघिन का दूध नहीं पी पा रहा था, उसे 9 अगस्त की रात चिड़ियाघर के अस्पताल में भेजा गया था. इलाज के दौरान 10 अगस्त की रात उसकी मौत हो गई थी. अब चिड़ियाघर में दो बाघ शावक बचे है, जिनकी टीम द्वारा निगरानी की जा रही है. चार शावकों की मृत्यु के बाद अब बाघों की संख्या 15 हो गई है. इनमें 7 (3 नर और 4 मादा) सामान्य रंग के रॉयल बंगाल टाइगर-पैंथेरा टाइग्रिस और 6 सफ़ेद बाघ (2 नर और 4 मादा) और 2 बाघिन अदिति के बच्चे हैं. दिल्ली चिड़ियाघर के निदेशक डॉ संजीत कुमार ने बताया कि चार अगस्त को जन्मे तीन बाघ शावक लंबे समय से मां बाघिन अदिति का दूध पी रहे थे.

### ट्रेन के एसी कोच के बाथरूम के डस्टबिन में मिली बच्ची की लाश

**मुंबई।** ट्रेन के एसी कोच से बाथरूम में पड़े कूड़ेदान में बच्ची की लाश मिलने से सनसनी मच गई। यह हृदयविदारक वारदात मुंबई-कुशीनगर एक्सप्रेस में घटित हुई है। पुलिस ने ट्रेन के बाथरूम से बच्ची का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस बात की आशंका जताई जा रही है कि बच्ची को पहला किडनैप किया गया उसके बाद उसकी हत्या करके शव यहां रखा गया। वारदात की सूचना से मुंबई में लोकमान्य तिलक टर्मिनस पर हड़कंप मच गया। आसपास के एरिया में तलाशी अभियान चलाया गया है और पता किया जा रहा है कि ट्रेन के इस बाथरूम की तरफ कौन कौन आया था। अनुमान के मुताबिक बच्ची की उम्र 6 साल है। बच्ची की पहचान नहीं हो सकी है इस कारण उसके परिजनों को सूचित नहीं किया जा सका।

### मेरी हत्या होती है तो सपा होगी जिम्मेदार', इस विधायक ने अखिलेश यादव को लिखी चिट्ठी

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले की चायल विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी की विधायक पूजा पाल ने पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र लिखकर अपनी हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने लिखा है कि यदि उनकी हत्या होती है, तो इसके लिए समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव को जिम्मेदार माना जाए। विधायक पूजा पाल ने पत्र में लिखा, मैंने अपने जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। मेरे पति के हत्यारों को सजा मिल चुकी है। अब अगर मौत भी मिले, तो गर्व होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव ने उन्हें बीच रास्ते में अपमानित कर छोड़ दिया। जिससे पार्टी के अपराधी समर्थकों का मनोबल बढ़ गया है। पत्र में उन्होंने कहा कि जिस तरह उनके पति की हत्या हुई थी।

रक्षामंत्री ने गगनयात्रियों की जमकर तारीफ की

# हनुमान जी का भक्त आसमान की ऊंचाइयों को छूकर लौटा..

नई दिल्ली / एजेंसी



दिल्ली में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और गगनयान मिशन पर जाने वाले उनके अन्य सहयोगियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। इस दौरान रक्षा मंत्री ने गगनयात्रियों की जमकर तारीफ की और कहा कि पूरे देश को गगनयात्रियों पर गर्व है और सभी देशवासी गौरवान्वित हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि 'प्रशिक्षण के दौरान आप सभी ने जो मेहनत की, वह न केवल प्रभावशाली थी, बल्कि मैं कहूंगा कि उत्कृष्ट थी। मुझे भारत माता के सपूत, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके अन्य सहयोगियों, ग्रुप कैप्टन पी वी नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप का स्वागत और अभिनंदन करते हुए सचमुच गर्व महसूस हो रहा है। सभी देशवासियों को आप सभी पर गर्व है। आप सभी ने देशवासियों को गौरवान्वित किया है। सुब्रतो पार्क में भारतीय वायुसेना द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गगनयान मिशन आत्मनिर्भर भारत की यात्रा में एक नए अध्याय का प्रतीक है। फरवरी 2024 में तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में पहली बार शुभांशु शुक्ला समेत अन्य गगनयात्रियों के नामों का खुलासा किया था। गगनयान मिशन का उद्देश्य 2027 में तीन दिवसीय मिशन के लिए तीन सदस्यीय चालक दल को 400 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित पृथ्वी की कक्षा में भेजना है। राजनाथ सिंह ने कहा, 'हमारा योगदान केवल अंतरिक्ष में उपग्रह भेजने तक ही सीमित नहीं है। आज भारत चंद्रमा से लेकर मंगल तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। आज भारत गगनयान जैसे अभियानों के लिए भी पूरी तरह तैयार है। मैं इसे केवल एक तकनीकी उपलब्धि के रूप में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के एक नए अध्याय के रूप में देखता हूं, जहां हम दुनिया की प्रमुख अंतरिक्ष शक्तियों के बीच पूरे गौरव के साथ खड़े हैं।' रक्षा मंत्री ने कहा, 'भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम केवल प्रयोगशालाओं और प्रक्षेपण यानों तक ही सीमित नहीं है। यह हमारी राष्ट्रीय आकांक्षाओं और वैश्विक दृष्टि का प्रतीक है। भारत अंतरिक्ष को केवल अनुसंधान के क्षेत्र के रूप में नहीं देखता, बल्कि हम इसे अर्थव्यवस्था, सुरक्षा, ऊर्जा और मानवता के भविष्य के रूप में देखते हैं। आने वाले समय में, अंतरिक्ष खनन, रिसर्च और ग्रहों से मिलने वाले संसाधन मानव जाति की दिशा बदल देंगे।' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'मैं लखनऊ संसदीय क्षेत्र से आता हूं, शुभांशु शुक्ला वहीं से हैं। वह हमारे मतदाता भी हैं।'

### गगनयान मिशन की तैयारी तेज, इसरो ने किया पहला सफल एयर ड्रॉप टेस्ट, सशस्त्र बलों ने भी की मदद

**बंगलूरू।** इसरो ने गगनयान मिशन की तैयारी तेज कर दी है। इसरो ने रविवार को पैराशूट आधारित डीसेलेरेशन सिस्टम का प्रदर्शन किया। इसके तहत एयर ड्रॉप सिस्टम का सफल परीक्षण किया गया। इसमें सशस्त्र बलों ने भी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) की मदद की। इसरो ने एक्स पर लिखा कि गगनयान मिशन के लिए पैराशूट आधारित डीसेलेशन सिस्टम के संपूर्ण प्रदर्शन के लिए पहला एकीकृत एयर ड्रॉप टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया। यह परीक्षण इसरो, भारतीय वायु सेना, डीआरडीओ, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल का संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ। गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी। यान को इसी साल लॉन्च करने की योजना है। पहले मानव रहित परीक्षण



उड़ान होगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा। गगनयान मिशन तीन दिवसीय है। मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और फिर सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा। हाल ही में इसरो ने गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) का काम सफलतापूर्वक पूरा किया था।हॉट परीक्षण के दौरान प्रोपल्शन सिस्टम का प्रदर्शन पूर्वानुमानों के अनुसार सामान्य रहा।

चीफ जस्टिस को करना पड़ा हस्तक्षेप

# जस्टिस जेबी पारदीवाला के आदेशों से कोर्ट में उलझन..

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस जेबी पारदीवाला के हाल के आदेशों ने शीर्ष अदालत को उलझन में डाल दिया है। पिछले एक महीने के भीतर उनकी अध्यक्षता वाली पीठ की तरफ से दिए गए तीन बड़े आदेशों पर इतना विवाद हुआ कि अंतत: मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई को दखल देना पड़ा। पहला मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट से जुड़ा था। जस्टिस पारदीवाला ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज प्रशांत कुमार की सख्त आलोचना की थी। उनका कहना था कि प्रशांत कुमार ने एक सिविल विवाद में आपराधिक कार्यवाही की अनुमति देकर गंभीर



गलती की है। इसके बाद उन्होंने आदेश दिया कि अब से प्रशांत कुमार को उनकी रिटायरमेंट तक कोई भी क्रिमिनल केस न दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट के कई वरिष्ठ जजों को यह आदेश पसंद नहीं आया और उन्होंने अपनी नाराजगी सीजेआई गवई तक पहुंचाई। इसके बाद सीजेआई ने जस्टिस पारदीवाला से अपने आदेश पर पुनर्विचार करने को कहा। 8 अगस्त को जस्टिस पारदीवाला ने अपनी टिप्पणियां हटा दीं और साफ किया कि उनका मकसद न तो अपमान करना था और न ही बदनामी फैलाना। दूसरा बड़ा मामला दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते आवारा कुत्तों से जुड़े हादसों का था। जस्टिस पारदीवाला की बेंच ने कहा कि बच्चों पर कुत्तों के हमले और रेबीज के मामलों से हालात बेहद गंभीर हैं। उन्होंने आदेश दिया कि दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को स्थायी रूप से पकड़कर शेल्टर होम्स में रखा जाए।

### नक्सलियों के छुपाये हुए भारी मात्रा में हथियार और गोल बारूद बरामद

**सुकमा।** सुरक्षा बलों को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। जिला सुकमा के मेट्टागुड़ा कैम्प क्षेत्रान्तर्गत सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा जंगल-पहाड़ों में छुपाए गए भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और लोहे की सामग्री बरामद की है। जानकारी के अनुसार, 23 अगस्त को नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुई थी। अभियान में 203 कोबरा बटालियन, 241 बस्तर बटालियन सीआरपीएफ और जिला बल के जवान शामिल थे।

दस साल से हो रही थी मतों की चोरी

## निर्वाचन आयोग को करनी चाहिए थी जांच:राज ठाकरे

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने शनिवार को कहा कि वह 2016 से ही 'वोट चोरी' की बात कर रहे हैं और जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी और भाजपा के अनुराग ठाकुर ने मतदाता सूची में धोखाधड़ी का आरोप लगाया था, तब निर्वाचन आयोग को इसकी जांच करनी चाहिए थी। नगर निकाय चुनावों से पहले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के स्थानीय पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मतदाता सूचियों की सावधानीपूर्वक जांच करने को



कहा। राहुल गांधी और अनुराग ठाकुर द्वारा मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोपों का जिक्र करते हुए ठाकरे ने कहा, "जब विपक्ष के साथ-साथ सरकार के सदस्य भी संदेह जता रहे हैं।

भारतीय क्रिकेट में एक और युग का अंत

# भारतीय क्रिकेट चेतेश्वर पुजारा ने किया रिटायरमेंट का ऐलान

नई दिल्ली/ एजेंसी

भारतीय क्रिकेट में एक और युग का अंत हो गया है। दरअसल, महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के बाद भारतीय टीम की टेस्ट की दीवार कहे जाने वाले चेतेश्वर पुजारा ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। चेतेश्वर पुजारा न सिर्फ इंटरनेशनल क्रिकेट में बल्कि प्रोफेशनल डोमेस्टिक क्रिकेट में भी आपको अब खेलते हुए नहीं दिखेंगे। पुजारा ने आखिरी इंटरनेशनल क्रिकेट मैच भारत के लिए 2023 में खेला था जो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 का फाइनल



था। दाएं हाथ के बल्लेबाज पुजारा ने सोशल मीडिया के जरिए अपने रिटायरमेंट की जानकारी दी। उन्होंने एक लंबा पोस्ट लिखा कि, भारतीय जर्सी पहनना, राष्ट्रगान गाना और हर बार मैदान पर कदम रखते ही अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करना- इसका असली मतलब शब्दों में बयां करना नामुमकिन है, लेकिन जैसा कि कहते हैं हर अच्छी चीज का अंत होना ही होता है और यही हो गया है। अपार कृतज्ञता के साथ मैंने भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का फैसला किया है। आप सभी के प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। 37 वर्षीय पुजारा ने अपने रिटायरमेंट नोट में लिखा कि, एक छोटे से शहर राजकोट का बच्चा होकर मैं अपने माता-पिता के साथ सितारों को छूने का सपना लेकर निकला था ।और भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बनने का ख्वाब देखा था।

### गणपति उत्सव को देखते हुए रेलवे ने कसी कमर, 380 स्पेशल ट्रेनों को चलाने की घोषणा

**मुंबई।** भारतीय रेलवे ने 2025 के लिए 380 गणपति स्पेशल ट्रेन यात्राओं की घोषणा की है. ये अब तक की सबसे अधिक है. इससे त्योहारी सीजन के दौरान भक्तों और यात्रियों के लिए सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित होगी. 2023 में कुल 305 गणपति स्पेशल ट्रेनें चलाई गई जबकि 2024 में यह संख्या बढ़कर 358 हो गई. महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र में त्योहारों के दौरान यात्रा की भारी माँग को पूरा करते हुए मध्य रेलवे सबसे अधिक 296 ट्रेनें चलाएगा. पश्चिम रेलवे 56 गणपति स्पेशल ट्रेनें, कोंकण रेलवे (केआरसीएल) 6 और दक्षिण पश्चिम रेलवे 22 ट्रेनें चलाएगा.

मल्लिकार्जुन खरगे का केंद्र सरकार पर हमला

# खरगे कहा-वोट चोरी के बाद सत्ता चोरी में जुटी भाजपा.....

नई दिल्ली/ एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को पीएम, सीएम और मंत्रियों को हटाने वाले विधेयक को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट चोरी के बाद भाजपा अब सत्ता चोरी में लगी हुई है। भाजपा 30 दिनों के भीतर विपक्षी सरकारों को गिराने और गिरफ्तारी को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर लोकतंत्र को अस्थिर करने के लिए विधेयक ला रही है। इंदिरा भवन में हरियाणा और मध्य प्रदेश के जिला कांग्रेस समितियों के जिलाध्यक्षों की बैठक में खरगे



ने दावा किया कि ये विधेयक नागरिकों से उनकी चुनी हुई सरकार बनाने या हटाने का अधिकार छीन लेते हैं और यह शक्ति ईडी-सीबीआई जैसी संस्थाओं को दे देते हैं। यह लोकतंत्र पर बुलडोजर चलाने जैसा है। खरगे ने जिला कांग्रेस प्रमुखों को बूथ और मंडल समितियों के गठन में विशेष सावधानी बरतने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इन समितियों के लोग पार्टी के प्रति वफादार हों और कांग्रेस की विचारधारा से विचलित न हों। जिला अध्यक्ष अपने अधीन ब्लॉक समिति बनाता है। वह मंडल और बूथ समितियां बनाता है। जब आप ये समितियां बनाते हैं, तो इस बात का विशेष ध्यान रखें कि ये सभी लोग पार्टी के प्रति वफादार और मेहनती हों। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे कांग्रेस की विचारधारा से विमुख न हों। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे लोगों की जरूरत है।

बिहार में इंडिया के घटक दल एकजुट होकर काम कर रहे

# चुनाव आयोग अब गोदी आयोग बन गया है-सांसद राहुल गांधी

अररिया/ एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि बिहार में विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के सभी घटक दल आगामी विधानसभा चुनाव के लिए एकजुट होकर काम कर रहे हैं और इसके सार्थक परिणाम मिलेंगे. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अररिया में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष के अंत में होने वाले चुनाव के लिए 'इंडिया' गठबंधन जल्द ही एक साझा घोषणापत्र जारी करेगा. गांधी ने कहा, 'इंडिया' गठबंधन जल्द ही बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एक साझा घोषणापत्र जारी करेगा. विपक्षी गठबंधन के सभी घटक दल वैचारिक और राजनीतिक रूप से एकजुट होकर काम कर रहे हैं और सार्थक परिणाम मिलेंगे. उन्होंने कहा, मैं इसे 'इंडिया' गठबंधन के सभी घटक दलों के बीच एक अच्छी साझेदारी कहता हूं. केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर निशाना साधते हुए गांधी ने आरोप लगाया कि पूर्वी राज्य बिहार में मतदाता सूची का जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 'भाजपा की मदद के लिए वोट चुराने का निर्वाचन आयोग का एक संस्थागत प्रयास' है. उन्होंने कहा, हम निर्वाचन आयोग को बिहार में वोट नहीं चुराने देंगे. निर्वाचन आयोग भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रहा है. निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव में वोट चुराकर भाजपा की मदद करने का



एक संस्थागत प्रयास है. गांधी ने कहा कि निर्वाचन आयोग भाजपा के लिए काम करते हुए पूरी तरह बेनकाब हो गया है. उन्होंने कहा, जब मैंने हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक में मतदाता सूची तैयार करने में हुई अनियमितताओं और फर्जी मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने के बारे में निर्वाचन आयोग को बताया, तो निर्वाचन आयोग ने मुझसे इस मुद्दे पर एक हलफनामा मांगा. लेकिन जब सत्तारूढ़ दल के अनुराग ठाकुर ने एक संवाददाता सम्मेलन में यही बात कही।, तो आयोग ने उनसे कोई हलफनामा नहीं मांगा. इससे पता चलता है कि निर्वाचन आयोग निष्पक्ष नहीं है. उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के पक्षपातपूर्ण व्यवहार को बदलने की जरूरत है. राहुल गांधी ने कहा, बिहार में 'मतदाता अधिकार यात्रा' बेहद सफल रही है और लोग बड़ी संख्या में इसमें शामिल हुए हैंज हमें राज्य के करोड़ों लोगों का समर्थन मिला है, जो खुद-ब-खुद हमारे साथ जुड़े हैं. इससे यह बात साबित हो गई है कि निर्वाचन आयोग बिहार में लोगों के वोट चुरा रहा है. गांधी ने कहा, हमारी यात्रा के प्रभाव का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अब छोटे-छोटे बच्चे भी 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा लगा रहे हैं.हालांकि, उन्होंने इस सवाल का सीधा जवाब देने से परहेज किया कि महागठबंधन आगामी चुनाव में तेजस्वी यादव को 'इंडिया' गठबंधन का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार क्यों नहीं घोषित कर रहा है.

### तेजस्वी ने चिराग पासवान पर साधा निशाना

तेजस्वी यादव ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान पर तंज कसते हुए कहा कि वे एक व्यक्ति विशेष के हनुमान हैं। इसके जवाब में, राहुल गांधी ने मुस्कुराते हुए कहा कि यह बात मुझ पर भी लागू होती है। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग अब चुनाव आयोग नहीं रहा, बल्कि गोदी आयोग, भाजपा की एक इकाई बन गया है। उन्होंने कहा कि वे और राहुल गांधी लोकतंत्र और वोट के अधिकार को बचाने के लिए इस यात्रा (वोटर अधिकार यात्रा) पर निकले हैं। तेजस्वी ने दावा किया कि जमीनी स्तर पर उनकी यात्रा के बाद यह साफहो गया है कि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता खत्म हो चुकी है। राहुल गांधी ने भी चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि उन्होंने कर्नाटक में चुनाव आयोग के सामने फर्जी वोटरों का डेटा रखा था।

CMYK

# पीएम किसान एपीके फाइल भेजकर बीएसपी के रिटायर्ड कर्मचारी से की 12.13 लाख की ऑनलाइन ठगी

## बिहार के जमुई से 3 आरोपी गिरफ्तार, डौंडीलोहारा पुलिस और सायबर सेल टीम को मिली बड़ी सफलता







**बालोद।** जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्रान्तर्गत बीएसपी के रिटायर कर्मचारी से हुई 12 लाख 13 हज़ार की साइबर ठगी का बड़ा मामला सामने आया हैं। मोबाइल में पीएम किसान एपीके फाइल भेज मोबाइल हैक कर की ठगी को अंजाम दिया गया हैं। साइबर सेल और डौंडीलोहारा पुलिस की टीम ने मामले की जांच में बिहार राज्य के जमुई से 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से बैंक के पास बुक कई बैंक के एटीएम कार्ड भी जप्त किये हैं। आरोपियों का एक बड़ा नेटवर्क हैं। जिसका खुलासा शुक्रवार को शाम 6 बजे एसपी योगेश पटेल ने पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान किया। उन्होंने बताया कि आरोपी ई सिम बनाने के लिए विशेष मोबाइल मोटोरोला कंपनी के EDGE 60 STYLUS का उपयोग करते थे, जिसमें ई सिम रखने का ऑप्शन होता है।

### यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन रकम डिजिटल ट्रांसफर किया गया

*एसपी ने बताया कि बीएसपी से रिटायर कर्मचारी ने ने एक लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने रिटायरमेंट का पैसा अपने पंजाब नेशनल बैंक के खाता में जमा रखा था कि अज्ञात आरोपी द्वारा प्रार्थी के व्हाट्सएप में पीएम किसान एपीके फाइल भेज कर उसके व्हाट्सएप, मोबाइल को हैककर प्रार्थी के पंजाब नेशनल बैंक के खाते से 12 लाख 13 हजार 860 रुपए निकाल कर धोखाधडी किया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना डौंडीलोहारा में अपराध क्रमांक 101/25 धारा 317(4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते डौंडीलोहारा थाना और साइबर सेल से विशेष टीम बना कर प्रकरण के आरोपियों को जल्द पकड़ने निर्देशित किया गया था। टीम द्वारा प्रार्थी के बयान के आधार पर प्रार्थी के मोबाइल पर व्हाट्सएप में पीएम किसान एपीके फाइल भेज उसका मोबाइल हैक कर उसके ही मोबाइल नंबर के सिम का क्लोन तैयार कर प्रार्थी के नाम का ही ई सिम जनरेट कर लिया और उसके नंबर पर ओटीपी लेकर फोन पे जनरेट कर अलग अलग यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन रकम डिजिटल ट्रांसफर किया गया।*

### न्यायिक रिमांड में भेजा गया जेल

उन्होंने बताया कि प्रार्थी के बैंक खाता का एनालिसिस करने पर विभिन्न एप के माध्यम से रकम ट्रांसफर किया गया। आरोपियों के संबध में संदेही बैंक खातों की जानकारी, केवायसी मोबाइल नम्बर इत्यादि तकनीकी जानकारी एकत्र कर आरोपियों की पुख्ता जानकारी होने पर विशेष टीम को जमुई बिहार रवाना किया गया था। टीम जमुई बिहार पहुंच कर वहां कैंप कर लोकल संनसूचना पर लोकल पुलिस की मदद से संदेहियों की जानकारी प्राप्त कर आरोपियों को घेरा बंदी कर टीम ने प्रकरण में तीनों आरोपी नीतीश कुमार दास पिता उमेश रवि दास उम्र (22), अरविंद कुमार दास पिता प्रमोद दास (18) और राकेश कुमार दास पिता उमेश रवि दास (21) को जमुई बिहार से विधिवत गिरफ्तार कर जिला बालोद लाया गया। आरोपियों द्वारा बताया गया कि एक ग्रुप में एपीके फाईल को भेजा था जिससे प्रार्थी के मोबाईल के व्हाट्सअप में आये एपीके फाइल को डाउनलोड करते हि उसका मोबाईल हैक कर लिया उसके ही मोबाइल नंबर के सिम का क्लोन तैयार कर प्रार्थी के नाम का ही ई सिम जनरेट कर लिया और उसके नंबर पर ओटीपी लेकर फोन पे जनरेट कर रकम को अलग-अलग यूपीआई से आनलाईन ट्रांसफर कर कई लेयर में अपने बैंक खातो में डाल कर रकम एटीएम और चेक के माध्यम से निकालना बताया। आरोपियों पूछताछ कर साक्ष्य संकलन किया गया पश्चात आरोपियों को न्यायिक रिमांड में भेजा गया। वही आरोपियों के कब्जे से एक टॉप मॉडल वेन्यू कार क्रमांक बीआर 46 आर 9986 तथा ऑनलाईन उपयोग में आने वाले विभिन्न डिजिटल बैंक खाता जियो पेमेंट बैंक, जुडियो कार्ड, ओमनी कार्ड एवं पीएनबी एटीएम कार्ड तथा मोटोरोला मोबाइल, चेक बुक, पास बुक एवं 3 नग मोबाइल, एक नग लेपटॉप जप्त किया गया है।

### आरोपी को पकडने में डौंडीलोहारा पुलिस और साइबर सेल का रहा योगदान

दरअसल दुर्ग रेंज आइजी रामगोपाल गर्ग के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर व एसडीओपी देवांश सिंह राठौर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी डौंडीलोहारा निरीक्षक मुकेश सिंह के नेतृत्व में थाना व साइबर सेल से एक टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी हेतु बिहार के जमुई भेजा गया, टीम द्वारा जमुई बिहार जाकर वहां कैम्प कर लोकल इंट मुखबिर लगाकर और लोकल थाना के सहयोग से प्रकरण में 3 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पीएम किसान के नाम पर एपीके फाइल भेजकर प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी के 3 आरोपियों को जमुई बिहार से पकड़ने में मुख्य रूप से थाना प्रभारी डौण्डीलोहारा से निरीक्षक मुकेश सिंह, साइबर सेल प्रभारी स.उ.नि. धरम भुआर्य, सउनि रुमन सोनवानी, प्रधान आरक्षक अरविंद सिंह, विवेक शाही,रूम लाल चुरेंद्र, हरीशचंद, आरक्षक पुरण देवांगन, विपिन गुप्ता राहुल मनहरे, संदीप यादव, मिथिलेश यादव, योगेश पटेल, गुलझारी साहू साइबर सेल, रविशंकर देशलहरे, अजय विनोद, ओमप्रकाश कौमार्य, भूपेन्द्र ठाकुर थाना लोहारा का विशेष सराहनीय योगदान रहा।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत नगर में किया जा रहा है वृक्षारोपण



**बेमेतरा।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश भर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत नगर के विभिन्न स्थलों में वृक्षारोपण किया जा रहा है स्वच्छता अभियान भी लगातार जारी है वर्तमान में नगर के डिवाइडर में पेड़ लगाया जा रहा है एवं निदाई सफाई किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा प्रतिदिन अपने साथियों के साथ वृक्षारोपण कर रहे है नगर को हरा भरा रखने के लिए सहयोग संस्था के टीम लगातार संघर्ष कर रहे है और अपना क़ीमती समय दे रहे है नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने नगर वासियो से अपील करते हुवे कहा है कि एक पेड़ माँ के नाम ज़रूर लगाए और अपने आस पास को साफ़सुधरा रखे गिला कचरा को हरा डब्बा में डाले और सूखा कचरा को नीला डब्बा में डाले इस अभियान में प्रतिदिन सभा पति नीतू कोठारी निखिल साहू राजकुमार खंडे नगर पालिका मुख्य अधिकारी कोमल सिंह सहित कर्मचारी अपना योगदान दे रहे सफ़ाई दारोग़ा रिंकु डागुर स्वच्छता के प्रति अपना पूरा समय दे रहे है।

# इंटर स्टेट यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप में छत्तीसगढ़ दल हरियाणा रवाना



**बेमेतरा।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा हरियाणा द्वारा 22 से 28 अगस्त तक पंजाबी धर्मशाला, ब्रह्मसरोवर (कुरुक्षेत्र, हरियाणा) में इंटर स्टेट यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप (पुरुष) का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ दल का प्रतिनिधित्व बेमेतरा जिले के रोशन लाल वर्मा, सहायक परियोजना अधिकारी, जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज बेमेतरा द्वारा किया जा रहा है। 25 सदस्यीय दल में 22 विद्यार्थी, 2 काउंसलर एवं 1 दल प्रबंधक शामिल हैं। यह दल 21 अगस्त को रायपुर रेलवे स्टेशन से समता एक्सप्रेस के माध्यम से रवाना हुआ। दल में कबीरधाम से बालाराम साहू एवं बालोद से डॉ. तुला साहू काउंसलर के रूप में शामिल हुए हैं। इस प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को न केवल शैक्षणिक और व्यक्तित्व विकास का अवसर मिलेगा, बल्कि वे ट्रेकिंग, नाटक, संगीत, नृत्य, निबंध लेखन, वाद-विवाद, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं हस्तकला जैसी गतिविधियों के माध्यम से अपनी विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन भी करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक चेतना का विकास करना है। शिविर के दौरान आयोजित सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रस्तुतियाँ न केवल प्रतिभागियों के आत्मविश्वास को बढ़ाएँगी, बल्कि उनमें टीमवर्क और सकारात्मक सोच की भावना को भी मजबूत करेंगी। कलेक्टर एवं सह-अध्यक्ष, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा बेमेतरा, रणबीर शर्मा ने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

# कानूनी अधिकारों के प्रति आमजनों को जागरूक करने हेतु किया गया विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के आदेशानुसार एवं वृजेन्द्र कुमार शास्त्री, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के मार्गदर्शन में व निधि शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के निर्देशन में ग्राम पंचायत खिलौरा में विधिक जागरूक्ता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में एल.ए.डी.सी. अधिवक्तागण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के समस्त अधिकार मित्रों द्वारा उपस्थित लोगों को नालसा व सालसा द्वारा संचालित घरेलू हिंसा अधिनियम, भरण-पोषण अधिनियम, महिलाओं के अधिकार, मोटरयान दुर्घटना दावा अधिनियम, हीट एण्ड रन स्कीम योजना, नवीन मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत ड्राविंग लाइसेंस की आवश्यक्ता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कर आमजनों को जागरूक किया गया। लोगों में नशे की लत को छुड़वाने के लिए नालसा डान योजना 2025 (ड्रग जागरूक्ता और कल्याण नेविगेशन, ड्रग मुक्त भारत) की जानकारी देते हुए बताया गया कि नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के दुरूपयोग, नशे की लत से जूझ रहे लोगों को उचित चिकित्सा, मानसिक सहायता, परामर्श प्रदान कर, न्याय तक पहुँच सुनिश्चित कराना है। उन्हें नशीली दवाओं का सेवन करने से होने वाली विभिन्न प्रकार के बीमारियों के संबंध में जानकारी देने हुए आने वाली समस्याओं से भी अवगत कराया गया तथा मादक पदार्थों की अवैध तस्करी करना कानूनी अपराध है. इस संबंध में जानकारी दी गई। उक्त शिविर में एलएडीसी अधिवक्ता असिस्टेंट गीतादास, असिस्टेंट आयुष शुक्ला एवं अधिकार मित्र पवन कुमार साहू, टुवेन्द्र वर्मा, धरमू बारले, तरूण आनंद, पंकज घृतलहरे तथा पुलिस इकाई, ग्राम सरपंच-पंच एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पोला पर्व, हुआ भोजली विसर्जन



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व में से एक महत्वपूर्ण पर्व पोला त्यौहार को सभी लोगों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर जहां लोगों ने निर्धारित स्थल पर पोला पटकने पहुंचे वह घरों में लोगों ने मिटटी के बने बैल पोला जांता की पूजा पारंपरिक तरीके से किया गया पोला पर्व इस साल रविवार को बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस त्यौहार में लोगों ने खेती कार्य पूरी तरह बंद कर दिया गया था वही सुबह से लोग अपने घरों में मिटटी से अथवा लकड़ी के बनाए गए रंग-बिरंगे बैल जोड़ी पोला एवं जांता का पूजा किया गया जिसमें लोगों के द्वारा इन तीनों का जल चंदन गुलाल अक्षत फूल चढ़ाए कर पूजा अर्चना किया और श्रीफल चढ़ाया गया और धुप दीप अगरबत्ती से आरती कर घर में बनाया गया छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी खुरमी बरा चीला का भोग लगाया गया। तदुपरांत आशीर्वाद लिया गया। बाद में मिटटी से बने बैल जोड़ी पोला जांता को बच्चों को खेलने के लिए दिया दे दिया गया। वहीं जिला मुख्यालय सहित विभिन्न गांव एक निर्धारित स्थल पर महिलाओं के द्वारा पोला पटका गया तथा वहां पर रामधुनी सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए कई गांव में तो विभिन्न प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया जिसमें फुग़ड़ी कबडडी खो-खो आदि प्रतियोगिता शामिल था वही कुछ गांव में बैल जोड़ी दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें विजेता बैल जोड़ी को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर लोगों के द्वारा अपनी बैल जोड़ी को सुंदर आकर्षक विभिन्न रंग बिरंगी विभिन्न कपड़े पहना कर सजाया गया था। बेमेतरा जिला मुख्यालय में कवर्धा रोड पर स्थित एक तालाब मंदिर के सामने महिलाओं के द्वारा पोला पटका गया पोला में लोगों के द्वारा ठेठरी खुरमी भी डाला गया था कई गांव में पोला पर्व के दिन गाजे बाजे के साथ भोजली विसर्जन भी किया गया इसके पहले श्रद्धा भक्ति के साथ महिलाओं के द्वारा भोजली को सर पर रख कर कतारबद्ध होकर तलाब पहुंचे जहां पर विधि विधान के अनुसार भोजली का विसर्जन किया गया।

# स्टेटहाइवे में बैठे मवेशियों के मालिकों पर कार्रवाई जनसुरक्षा के लिए पुलिस का विशेष अभियान शुरू



**डोंगरगांव नगर।** पुलिस विभाग ने एसपी मोहित गर्ग के निर्देश पर सड़क में बैठे मवेशियों से होने वाले नुकसान के मद्देनजर विशेष अभियान प्रारंभ की है। इसी क्रम में डोंगरगांव नगर के स्टेटहाइवे में पशु चिकित्सा विभाग, एवं गौरक्षा समिति के सहयोग से अभियान चलाते हुए टैक नम्बर विश्लेषण कर 2 मवेशी मालिको पर कार्रवाई की है। निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि विशेष अभियान में पशु चिकित्सा विभाग, स्थानीय गौ रक्षा समिति एवं गौ सेवकों को साथ लेकर मेनरोड पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सड़क पर बैठे मवेशियों के मालिकों का टेक नंबर एनालिसिस कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई। मवेशियों के संबंध में अपेक्षापूर्ण आचरण कृत करते पाए जाने से जनसुरक्षा को खतरे में डालने का दोषी पाए जाने पर डिगेश्वर यादव डोंगरगांव एवं उमेश कुमार यदु डोंगरगांव के विरूद्ध धारा 291 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

# गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा में सवा लाख मंत्र जाप करने वालों के द्वारा किया गया पूर्णाहुति



**दल्लीराजहरा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में परम वंदनीया माता भगवती देवी के जन्म शताब्दी और अखंड दीप के 100 वर्ष सन् 2026 में पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गायत्री शक्ति पीठ दल्ली राजहरा में 40 दिवसीय सवा लाख गायत्री मंत्र जाप का अनुष्ठान का आयोजन किया गया था। जिसका समापन 20 अगस्त को हुआ। इस आयोजन की पूर्णाहूति गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा में संपन्न हुआ द्य सवा लाख जाप करने वाले साधकों को ही 2026 में विश्व गायत्री शक्तिपीठ हरिद्वार में होने वाले पूज्य माताजी की जन्म शताब्दी और अखंड दीप के हवन में बैठने की अनुमति होगी। सवा लाख गायत्री मंत्र जाप का अनुष्ठान गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व से शुरू हुआ था, जिसमें साधकों के द्वारा प्रतिदिन 33 माला गायत्री मंत्र का जाप किया गया। इस 40 दिवसीय महाअभियान की 20 अगस्त को पूर्णाहूति की गई। माता जी की जन्म शताब्दी वर्ष पर दल्ली राजहरा गायत्री शक्तिपीठ में सवा लाख गायत्री मंत्र जाप का 40 दिवसीय अनुष्ठान संपन्न हुआ द्य जिसकी पूर्णाहुति 20 अगस्त 2025 को गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा में रखा गया था। यह अनुष्ठान गुरु पूर्णिमा के दिन 10 जुलाई 2025 से शुरुआत की गई थी। जिसमें साधकों के द्वारा प्रतिदिन 33 माला गायत्री मंत्र का जाप किया गया। इस अनुष्ठान पर्यवाचक पूर्णाहुति देव प्रसाद आर्य के द्वारा संपन्न कराया गया । जहां पर त्रिभुवन राणा, हीरालाल पवार, दमयंती पवार, रेणुका गंजीर, इतवारी राम कोठारी, डोमन लाल चावरे, निजाम कोसमा, सेवालाल नायक, डिलेश्वर ठाकुर, लकेश्वर नायक, संगीता राणा, खेलपति रावटे, भुनेश्वरी, रेणुका गंजीर और उल्लास देवांगन उपस्थित थे। दमयंती पवार ने बताया कि उन्होंने दूसरी बार सवा लाख मंत्र का जाप किया है। साथ ही देव प्रसाद आर्य रेणुका गंजीर ने भी दूसरी बार सवा लाख मंत्र का जाप किया है। यह जाप बहुत ही कठिन माना जाता है द्य जिसमें नियमतः सूर्योदय से पूर्व , नित्य कर्म के बाद गुरु का ध्यान करना। साधुओं की तरह बिना गद्दे में शयन करना होता है। अपना काम स्वयं करना होता है। चमड़े आदि का त्याग करना पड़ता है, साथ ही ब्रह्मचर्य व्रत का भी पालन भी इस अनुष्ठान में आवश्यक है। एक समय का भोजन किया जाता है यदि साधक चाहे तो दो समय भी भोजन कर सकता है। लेकिन भोजन पूर्णतः सात्विक होता है जिसमें भोजन में बिना लहसुन, प्याज, अदरक, मसाला आदि का उपयोग वर्जित होता है। भोजन स्वयं ही बनाना होता है अपना काम भी स्वयं करना पड़ता है तथा किसी की सेवा इस साधना के दौरान नहीं लिया जाता है। इस जाप के बारे में पंडित आर्य ने बताया कि जाप के दौरान मन में भी विश्व बंधुत्व विश्व कल्याण परोपकार की भावना के साथ मानव मानव एक समान जैसी भावना रखी जाती है द्य तभी साधना सफल माना जाता है।

# साहू समाज के नए प्रदेश अध्यक्ष का निर्विरोध चुनाव बड़ी उपलब्धि : द्रोपती साहू



**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में, साहू समाज के नए प्रदेश अध्यक्ष एवं पदाधिकारी का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ है। यह एक चुनाव मात्रा न होकर साहू समाज के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। जिला साहू महिला प्रकोष्ठ की जिला सचिव द्रोपती साहू ने कहा कि प्रदेश में साहू समाज सबसे ज्यादा संगठित और एकता का पर्याय माना जाता है। समाज ने निर्विरोध पदाधिकारी चयन कर अन्य समाज के बीच एक अनुकरणीय उदाहरण दे दिया है। साहू समाज के द्वारा समाज में कई विकृतियों को दूर कर एक नया उदाहरण पेश किया है। जिन विकृतियों में प्रमुख रूप से माताओ को सम्मान दिया जाना है। पूर्व में माताओ एवं बहनों के पति की मृत्यु हो जाने पर उन्हें हेय दृष्टि से देखा जाता था। सामाजिक रूप से किसी भी शुभ कार्य में वर्जित माना जाता था। खासकर जब किसी बहन या माता की पति की मृत्यु हो जाती थी तो बीच तालाब में सैकड़ों महिलाओं के बीच उसके हाथ की चूड़ी तोड़ी जाती थी। जो एक बहुत ही दर्दनाक घटना होती थी साथ ही बेटे बेटियों के शादी में जन्म देने वाली मां ही क्यों ना हो व पति के न रहने पर उन्हें आंचल देने का अधिकार नहीं था। यह दोनों प्रचलन को समाज में विकृति में लाकर समाप्त कर दिया है। समाज के द्वारा मृत्यु भोज जैसे प्रकरण को भी समाप्त करने या सादगी भोजन में परिवर्तन कर देना भी अन्य समाज के लिए बहुत बड़ा उदाहरण बनकर रह गया है। सभी समाज ने शादी विवाह में होने वाले खर्च को समाप्त करने के लिए आदर्श विवाह की जो प्रक्रिया समाज के बीच में लाई है। वह एक अनुकरणीय प्रक्रिया है। अन्य समाज के लोग भी अपना रहे हैं। इससे गरीब माता-पिता किसी कारणवश अपने बेटा बेटियों की शादी करने में असमर्थ होते थे उनकी मदद हो जाती है। जिस तरह प्रदेश में निर्विरोध सामाजिक पदाधिकारी का चुनाव हुआ है इसी तरह जिले, तहसील, परिक्षेत्र और गाँव में भी हो तो हमारा समाज अन्य समाजों के लिए भी एक बेहतरीन उदाहरण है।

भाई चारे की एकता समाज में पेश कर सकता है।

# नगर का युवक वसीम कामठी नागपुर से लापता कामठी रेलवे स्टेशन से मोबाईल 5 दिनों से बंद



**डोंगरगांव नगर।** नगर के युवक वसीम तंवर 30 वर्ष के लापता हो जाने की खबर है। युवक वसीम नगर के डेकोरेशन फर्म सना डेकोरेशन के संचालक ईशॉक तंवर का छोटा बेटा है। व्यवसाय से जुड़े तंवर परिवार के होनहार युवक के लापता होने से अनेक तरह की अटकलें लगाई जा रही है। हालांकि परिजन व करीबी दोस्त लगातार युवक की खोजबीन में जुटे हैं। पारिवारिक सूत्रों की माने तो वह अपने रिश्तेदार के घर जाने 19 अगस्त को निकला था। अंतिम बार कामठी रेलवे स्टेशन में 5 बजकर 20 मिनट में परिजन से बात होने के बाद युवक का मोबाईल बंद होने की बात वायरल हुई है। इसके बाद से मोबाईल चालू ही नही होने की बात भी सामने आई है। वहीं परिजन अपने तमाम रिश्तेदारों से संपर्क में हैं, लेकिन युवक का 5 दिनों के बाद भी अभी तक कोई पता नही चल सका है।

## संक्षिप्त समाचार

### वोट चोरों गद्दी छोड़ों अभियान के तहत कांग्रेस का 29 को बिलासपुर में विशाल प्रदर्शन

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर वोट चोरों गद्दी छोड़ों के अभियान के तहत 29-30 अगस्त को बिलासपुर में एक विशाल रैली निकाली जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि कांग्रेस द्वारा यह अभियान 14 अगस्त से प्रारंभ हो गया है रायपुर में यह अभियान समाप्त हो चुका है उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में व्यापक गड़बड़ी की गई है। उन्होंने कहा कि स्थायी पता एवं नाम बदलने की प्रक्रिया नाम पूरी नहीं की जाती ऐसे मतदाता जिनकी मौत हो चुकी है उनका नाम नहीं काटा जाता है। बिहार में निर्वाचन आयोग द्वारा किये गये कार्यों को लेकर इस समय कांग्रेस के निशाने पर आयोग है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इसको लेकर हमलावर हो गये हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप से यह विभाग छीन लिया गया है। यहां पर बोधधाट सहित अन्य प्रोजेक्ट बनने वाले है। लेकिन अब इसके निर्माण को लेकर कई समस्याएं आ गई है। पूर्व मंत्री अमतरजीत भगत भी भाजपा में आने की चर्चा है। लेकिन दीपक बैज ने अपनी कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है। इस पर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। ज्ञात रहे अमरजीत भगत ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि वे उनकी उपेक्षा कर रहे है।

### तोमर बंधुओं की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रायपुर।** रायपुर में सूदखोरी, जबरन वसूली, मारपीट और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर अपराधों में फरार चल रहे वीरेंद्र और रोहित तोमर को अदालत से कोई राहत नहीं मिली है। बुधवार को सेशन कोर्ट ने दोनों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। वीरेंद्र और रोहित तोमर पर आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पिछले दो महीनों से ये दोनों भाई फरार हैं। रायपुर एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने दोनों की गिरफ्तारी के लिए 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। पुलिस द्वारा लगातार फरार रहने की जानकारी दिए जाने के बाद अदालत ने उनकी संपत्तियों को कुर्क करने की अनुमति दे दी है। कोर्ट के आदेश पर कलेक्टर को निर्देश भेजा गया है, जिसकी जिम्मेदारी तहसीलदार प्रवीण परमार को सौंपी गई है। कुर्क की जाने वाली संपत्तियों में भाठागांव स्थित 'साईं विला' मकान व जमीन समेत राजधानी के आसपास की तीन अन्य संपत्तियां शामिल हैं। इस आदेश पर तोमर बंधुओं के वकील ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि उन्होंने 18 अगस्त को कोर्ट में आवेदन प्रस्तुत किया था, जिसकी सुनवाई 20 अगस्त को होनी थी।

### पति की लंबी आयु के लिए महिलाएं करेंगी हरितालिका व्रत 26 अगस्त को

**रायपुर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भादो शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर सुहागिन महिलाओं द्वारा राजधानी सहित प्रदेश भर में पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत 26 अगस्त को धारण किया जाएगा। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान भोले शंकर को प्रसन्न करने के लिए माता पार्वती ने भादो तृतीया तिथि पर ही पूजा विधिवत कर उन्हें पाने की मनोकामना की थी तब से यह व्रत महिलाओं द्वारा रात भर भोले भंडारी माता गौरी एवं मां पार्वती की संयुक्त पूजा घरोंघर फूलेरा बांधकर की जाती है। उक्त पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह देखा जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रापर्टी एक्सपो का किया शुभारंभ

# 40 डेवलपर्स 300 प्रोजेक्ट्स के साथ एक्सपो में कर रहे हिस्सेदारी

- इस एक्सपो में लोग सुलभता से प्रापर्टी खरीद सके, इसके लिए डेवलपर्स के बैंकिंग पार्टनर्स और रेरा को भी शामिल किया गया है
- इसे हम हर लिहाज से रहने के लिए अच्छा शहर बनाने के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रहे

रायपुर/ संवाददाता

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में प्रापर्टी एक्सपो का शुभारंभ किया। उन्होंने एक्सपो में विभिन्न डेवलपर्स द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का भ्रमण भी किया। क्रेडाई छत्तीसगढ़ द्वारा 22 अगस्त से 24 अगस्त तक इस तीन दिवसीय एक्सपो का आयोजन किया गया है। इसमें 40 डेवलपर्स 300 से अधिक प्रोजेक्ट्स के साथ हिस्सेदारी कर रहे हैं। विधायक श्री पुरंदर मिश्रा और महापौर श्रीमती मीनल चौबे भी शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुईं। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने एक्सपो का शुभारंभ करते हुए कहा कि पिछले 25 वर्षों में रायपुर की दशा और दिशा काफी बदली है। शहर का नक्शा बदल गया है। रायपुर वर्ल्ड क्लास सिटी के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रही है। इस दौरान यहां अधोसंरचना विकास के महत्वपूर्ण काम किए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राज्य में निवेश बढ़ाने के लिए लगातार पहल कर रहे हैं। राज्य शासन ने प्रभावी नई औद्योगिक नीति बनाई है जो यहां निवेश को लगातार आकर्षित कर रही है। राष्ट्रीय स्तर की संस्थाएं रायपुर आ रही हैं। श्री साव ने क्रेडाई द्वारा आयोजित प्रापर्टी एक्सपो की सराहना करते हुए कहा कि यहां एक ही छत के नीचे अलग-अलग परिवारों की जरूरतों के मुताबिक प्रापर्टी उपलब्ध हैं। लोगों की सहूलियत



के लिए डेवलपर्स के बैंकिंग पार्टनर और रेरा की टीम भी यहां मौजूद है। विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने एक्सपो के लिए आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोग लोगों की जरूरतों के मुताबिक मकानों की व्यवस्था कर सम्मानजनक ढंग से रहने की व्यवस्था करते हैं। इसी कड़ी में यह आयोजन भी उपयोगी है। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कहा कि अवैध प्लॉटिंग और अवैध निर्माण रायपुर की बड़ी समस्या है। यह एक्सपो लोगों को रेरा अप्रूव्ड वैध प्रापर्टी खरीदने का अच्छा प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा रहा है। राजधानी के अनुरूप रायपुर का चौतरफा विकास हो रहा है। इसे हम हर लिहाज से रहने के लिए अच्छा शहर बनाने के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रहे हैं। क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्री पंकज लाहोटी ने एक्सपो के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि इस एक्सपो में आने वाले छत्तीसगढ़ की झलक है। निकट भविष्य में राज्य की तस्वीर तेजी से बदलने वाली है। इस एक्सपो में लोग सुलभता से प्रापर्टी खरीद सके, इसके लिए डेवलपर्स के बैंकिंग पार्टनर्स और रेरा को भी शामिल किया गया है। क्रेडाई के सचिव श्री अभिषेक बछावल ने रायपुर को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के लिए नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने अवैध प्लॉटिंग और निर्माण पर की जा रही कार्रवाईयों की भी तारीफ की। उन्होंने कार्यक्रम में विधायक श्री पुरंदर मिश्रा के अनुरोध पर 51 गरीब कन्याओं के विवाह में क्रेडाई के सहभागी बनने की घोषणा की। कार्यक्रम में क्रेडाई छत्तीसगढ़ के सर्वश्री संजय रहेजा, मृणाल गोलछा, नवनीत अग्रवाल, निखिल भगत, विजय नत्थानी, अमरजीत गांधी और संजना बघेल सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## रानीसागर गांव के युवक की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत.......

रायपुर। संवाददाता

आरंग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रानीसागर के एक युवक की बीती रात एक केमिकल कंपनी के ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हो गई। हादसा रात उस समय हुआ जब बजरंग केमिकल डिस्टिलरी एलएलपी कंपनी का ट्रैक्टर तेज रफ्तार में बेकाबू होकर युवक से जा टकराया। मृतक की पहचान 22 वर्षीय गिरीश कुमार साहू के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर चालक नशे की हालत में था और अत्यधिक गति के कारण उसने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे गिरीश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अगली सुबह, मृतक के परिजन और गांव के लोग बड़ी संख्या में शव के साथ कंपनी के बाहर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों का आरोप था कि कंपनी प्रबंधन ट्रैक्टर को अंदर छिपाकर आरोपी चालक को बचाने की कोशिश कर रहा है, और विरोध के बावजूद उन्हें परिसर में प्रवेश नहीं दिया जा रहा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने हस्तक्षेप किया और मृतक के परिजनों तथा ग्राम सरपंच को कंपनी के भीतर जाने की अनुमति दिलाई। वहां ग्रामीणों ने मुआवजा, दोषी चालक की गिरफ्तारी और ट्रैक्टर की तकनीकी जांच की मांग रखी। कंपनी प्रबंधन ने तत्काल पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने और भविष्य में उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया और शव को अंतिम संस्कार के लिए गांव वापस ले गए। आरंग पुलिस ने मर्ग कायम कर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से गृह,एवं पंचायत विभाग भी वापस लेना था..

- मुख्यमंत्री ने विजय शर्मा से तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग वापस लेकर पर कतरे

रायपुर। संवाददाता



मंत्री विस्तार में उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा से तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग वापस लेने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ दो उपमुख्यमंत्री बनाए गए थे, उनमें से विजय शर्मा से मुख्यमंत्री ने तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग को वापस लेकर उनके पर कतर दिए। मुख्यमंत्री को उनसे गृह एवं पंचायत विभाग को भी वापस लेना था और किसी अन्य को जिम्मेदारी देकर कानून व्यवस्था को मजबूत करना था। पंचायत एवं ग्रामीण विकास के जो रुके काम है उन्हें भी पूर्ण करना था।प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा कोई भी विभाग संभाल नहीं पा रहे है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा 20 महीनें में परफॉर्मेंस दिखने में असफल हो गए हैं। आए दिन चाकूबाजी, लूटपाट, डकैती, अपहरण, बलात्कार, गोलीबारी की घटनाएं हो रही है, नशीली दवाइयां की तस्करी बढ़ गई है, जेल में भी आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फ्लॉप हो गई है, अपराधी अनियंत्रित हो गये है। वही हाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का भी है यहां कोई काम हो नहीं रहा है, ऐसे में मंत्री विस्तार के दौरान तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के साथ-साथ गृह, जेल एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को भी उनसे वापस लेना था। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मंत्री विस्तार में अन्य मंत्रियों से विभाग वापस ली गई है।

## जर्जर मकान से मिला छूटकारा,पक्के मकान में हो रहा है गुजारा




- लतेल दास को मिला पीएम आवास

रायपुर/ संवाददाता

महल हो या झोपड़ी अपना घर अपना होता है, हर व्यक्ति का एक सपना होता है कि छांव के लिए उसका एक खुद का आशियाना हो, लगभग 55 साल के लतेल दास मंहत अब खुद के पक्के मकान में रहकर सुकून की नींद ले रहे है। वर्षों तक खपरैल वाले कच्चे मकान में हर बरसात से जूझने वाले लतेल दास को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर मिला है। अब उन्हें हर साल बरसात के पहले खपरैल पलटने की चिंता नहीं सताती और न ही टपकती छत और दरकती दीवारों की चिंता होती है। सक्ती जिले के विकासखण्ड सक्ती अंतर्गत ग्राम नंदौरखुर्द निवासी श्री लतेल दास खेती-किसानी से गुजर-बसर करते है। लेकिन कमजोर आर्थिक स्थिति और दुर्गम परिस्थितियों के चलते वे पक्का घर नहीं बना सके। हर साल बारिश का मौसम उनके लिए मुसीबत लेकर आता था। कभी खपरैल उड़ जाती थी, कभी दीवारें दरक जाती थीं। श्री लतेल दास बताते हैं कि जैसे-तैसे बनाया गया कच्चा मकान हर साल बरसात में बर्बाद हो जाता था। हर बार बारिश आने से पहले खपरैल को ठीक करना पड़ता था, फिर भी पानी टपकता रहता था। दीवारें भी बारिश के बाद कमजोर हो जाती थीं। फिर उन्हें जानकारी मिली कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उन्हें भी पक्का मकान मिल सकता है। फॉर्म भरने और पात्रता मिलने के बाद योजना का लाभ मिला और अब उनका अपना मजबूत, सुरक्षित और टिकाऊ पक्का आवास बनकर तैयार हो गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले इस आवास ने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी है। श्री लतेल दास कहते हैं कि हमारे लिए सरकार ने जो किया है, उसके लिए हम उन्हें धन्यवाद देते हैं। श्री लतेल दास की यह कहानी न सिर्फ प्रधानमंत्री आवास योजना की सफलता को बयां करती है, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और स्थिरता के नए युग की शुरुआत को भी बयां करती है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले इस आवास ने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी है। सरकार से मिली मदद के लिए उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार जताया है।

## बिजली कटौती से परेशान पंकज शर्मा के नेतृत्व में मुख्य अभियंता को ज्ञापन

रायपुर। संवाददाता



टेमरी, धरमपुरा, बनरसी, धनेली, सेजबहार, काठाडीह, मुजगहन, कांदुल, दतरेंगा, डोमा, बोरियाकंला एवं भटगांव के सैकड़ो लोग ध्वस्त बिजली व्यवस्था को लेकर छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा के नेतृत्व में जमकर नारेबाजी करते हुये विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता संदीप वर्मा को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था सुधारने की मांग की। मुख्य अभियंता ने स्थानीय लोगों से चर्चा करते हुये जल्द सुधार करने की बात कही है। पंकज शर्मा ने बताया कि उक्त गांव छ.रा.वि.वि.कं. मर्यादित के उपसंभाग माना के अंतर्गत आते है। इन गांवों में विगत कई दिनों से लगातार अघोषित रूप से विद्युत कटौती की जा रही है साथ ही लो-वोल्टेज की समस्या भी बनी हुई है। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में बिना बिजली के लोगो को अत्याधिक कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। बिना बिजली के उमस भरी गर्मी में लोग अपने घर के बाहर बैठने के लिये मजबूर है। बीमार और बुजुर्ग लोगो को अत्याधिक कठिनाईयां हो रही है साथ ही बच्चों के अध्ययन सहित अन्य आवष्यक कार्य भी प्रभावित हो रहें है।स्थानीय लोगो का कहना है कि उनके द्वारा लगातार जूनियर इंजीनियर एवं अन्य अधिकारियों से उक्त समस्या के निराकरण के लिये निवेदन किया गया लेकिन अधिकारियों द्वारा जल्द सुधार करने का केवल आष्वासन दिया जाता है। समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। विभाग के उदासीन रवैये से लोगो में असंतोष बढ रहा है। स्थानीय लोगो ने आक्रोष व्यक्त करते हुये कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर विद्युत समस्या का निराकरण नहीं किया जाता है तो हम सभी उग्र आंदोलन करने के लिये बाध्य होंगे।

## सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले शराबी पकड़ाये

**रायपुर।** जिले की सोमनी थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में आगामी त्यौहार एवं गणेश उत्सव पर्व में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस द्वारा सतत अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 20.08.2025 को थाना सोमनी प्रभारी उनि. प्रमोद श्रीवास्व द्वारा थाना सोमनी क्षेत्र के केशरी ढाबा, जलशा ढाबा एवं केजीएन ढाबा देवादा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सार्वजनिक जगहों पर शराब सेवन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 09 व्यक्तियों को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पकड़ा गया। जिन पर आबकारी एक्ट की धारा 36(च) के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। पकड़े गए व्यक्तियों में सुरेश मोहन यादव, जीवन यादव, चंद्रशेखर साहू, मनमोहन यादव, भूषण लाल, चंद्रशेखर साहू, निखिल साहू, हिमांशु साहू एवं विनोद ठाकुर शामिल हैं। बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

उज्बेकिस्तान के वैज्ञानिक दल ने कृषि विश्वविद्यालय ने शिक्षा एवं अनुसंधान कार्यो का जायजा लिया

# छत्तीसगढ़ प्रदेश के धान ने आकर्षित किया: प्रो.ओयबेक रोज़िव

- इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय तथा डेनाऊ इस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान के मध्य कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान हेतु समझौता

रायपुर/ संवाददाता

उज्बेकिस्तान के डेनाऊ इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी के रेक्टर प्रो. ओयबेक आब्दीमुमीनोविच रोज़िव ने कहा है कि उन्हे छत्तीसगढ़ के धान, उसकी विलक्षण जैव विविधता और उत्पादन तकनीक ने काफी आकर्षित किया तथा इसी वजह से उनके संस्थान को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के साथ कृषि अनुसंधान हेतु अनुबंध हेतु प्रेरित किया। प्रो. रोज़िव ने कहा कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा उद्यमिता विकास तथा जैव प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो से वे काफी प्रभावित हुए हैं। प्रो. रोज़िव आज यहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कृषि में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा एवं अनुसंधान सहयोग विषय पर आयोजित विचार मंथन संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। प्रो. रोज़िव एवं उनके सहयोगी वैज्ञानिकों ने आज यहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में उपलब्ध शिक्षण एवं अनुसंधान अधोसंरचनाओं, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का जायजा लिया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्व महानिदेशक डॉ. आर.सी. अग्रवाल, सहायक महानिदेश डॉ. सीमा जग्गी, डॉ. पंजाबराव देशमुख कृषि विद्यापीठ अकोला के पूर्व कुलपति एवं डेनाऊ इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी के वर्तमान संकाय सदस्य डॉ. रवि प्रकाश दानी भी उपस्थित थे। समारोह के दौरान इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर तथा डेनाऊ इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी के मध्य समझौता पत्रों का आदान-प्रदान भी किया गया।




समझौते के तहत दोनों संस्थान कृषि, पर्यावरण, जल संरक्षण, सगंध एवं औषधीय पौधों के उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण, जैव प्रौद्योगिकी, उद्यमिता विकास तथा विज्ञान के अन्य क्षेत्रों में शिक्षा एवं अनुसंधान का कार्य करेंगे। इससे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के विद्यार्थियों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के नये अवसर प्राप्त होंगे। संगोष्ठी का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल सेल द्वारा किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रो. रोज़िव ने बताया कि डेनाऊ इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान में 4 संकायों में 14 विभाग एवं 34 पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं जिसमें 8 हजार विद्यार्थी अध्यनरत हैं। उन्होंने बताया कि उनके संस्थान द्वारा 7 अन्य देशों के साथ शिक्षा एवं अनुसंधान हेतु अनुबंध किये गए हैं। उन्होंने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियां, प्राध्यापकों एवं वैज्ञानिकां को अपने संस्थान में आने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने प्रो. रोज़िव एवं उनके सहयोगियों का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। उन्होने आशा व्यक्त की इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय एवं उज्बेकिस्तान के डेनाऊ इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी के मध्य कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान हेतु संपादित द्विपक्षीय समझौते से कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान हेतु दोनां विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को नये अवसर प्राप्त होंगे। समारोह को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्व महानिदेशक डॉ. आर.सी. अग्रवाल, सहायक महानिदेश डॉ. सीमा जग्गी, डॉ. पंजाबराव देशमुख कृषि विद्यापीठ अकोला के पूर्व कुलपति एवं डेनाऊ इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी के वर्तमान संकाय सदस्य डॉ. रवि प्रकाश दानी ने भी संबोधित किया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के इंटरनेशनल सेल के प्रभारी डॉ. हुलास पाठक ने दोनो संस्थानों के मध्य होने वाले समझौते की विस्तृत रूपरेखा रखते हुए इसके तहत संपादित कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी।

## संपादकीय

# निर्वाचन आयोग के साख पर सवाल

पिछले काफी समय से देश में स्वतंत्र, स्वच्छ और पारदर्शी चुनाव के लिए लगातार आवाज उठाई जाती रही है। खासतौर पर ईवीएम के जरिए मतदान और मतों की गिनती को लेकर कई बार संदेह जाहिर किए गए। ऐसे आरोप सामने आए कि इसमें तकनीकी गड़बड़ी के जरिए या मतगणना में हेरफेर करके नतीजे प्रभावित किए जाते हैं। विडंबना यह है कि जब भी इस तरह के सवाल उठाए जाते हैं, तो आमतौर पर उन्हें निराधार मान कर खारिज कर दिया जाता है।दलील यह होती है कि जो उम्मीदवार हारता है, केवल उसे ही शिकायत होती है। जरूरी नहीं कि ऐसे सभी आरोप सही साबित हों। मगर इसी बीच अगर कहीं से मतगणना और नतीजों में हेरफेर की कोई शिकायत हर स्तर की जांच-पड़ताल के बाद अंतिम तौर पर सही पाई जाए, तो ऐसे में समूची प्रणाली भी संदेह के घेरे में आती है। जाहिर है, इसके बाद फिर नतीजे और उसके आधार पर बनी सरकारें भी कठघरे में होती हैं। गौरतलब है कि हरियाणा के पानीपत जिले के ग्राम पंचायत बुआना लखू में सन 2022 में हुए सरपंच के चुनाव के बाद जब नतीजों की घोषणा हुई, तभी इस पर विवाद उठा था। वह मामला तब जिला अदालत से होते हुए आखिर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा।ऐसी शिकायतें अब तक शायद ही किसी अंजाम तक पहुंची हों। मगर इस मामले में शीर्ष अदालत के फैसले ने पहली बार ईवीएम से चुनाव और मतगणना पर उठने वाले सवालों को मजबूत आधार दिया है। दरअसल, इस मामले में अदालत ने खुद ईवीएम मंगवा कर अपनी निगरानी में मतों की फिर से गिनती करवाई और पहले के नतीजे से अलग परिणाम घोषित किया। इसमें परिणाम पलट गया और पहले हार चुके प्रत्याशी को सरपंच बनाया गया।जाहिर है, शीर्ष अदालत की इस कवायद के बाद अब ईवीएम के जरिए डाले गए मत और उसकी गिनती से लेकर किसी प्रत्याशी की जीत-हार की घोषणा तक की समूची प्रक्रिया की पारदर्शिता पर अगर सवाल उठते हैं, तो उसे बेमानी या निराधार घोषित कर पाना मुश्किल होगा। इस पूरे मामले से यह भी जाहिर होता है कि किसी चुनाव की पूरी प्रक्रिया से जुड़े सभी दस्तावेजों को सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है, ताकि विवाद की स्थिति में उनकी जांच हो और सारे संदेह दूर किए जाएं।

**अब तक भारतीय राजनीति में दक्षिण भारत, विशेषकर तमिलनाडु में भाजपा की जड़ें अपेक्षाकृत कमजोर और सबसे बड़ी चुनौती रहा है। उत्तर और पश्चिम भारत में लगातार सफलता के बाद पार्टी चाहती है कि दक्षिण के राज्य भी उसके प्रभाव में आएं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं और वहां भाजपा के शीर्ष चेहरों में गिने जाते हैं। उनका उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनना भाजपा की यह घोषणा है कि वह दक्षिण भारत को अब हाशिए पर नहीं, बल्कि सत्ता की मुख्यधारा में लाना चाहती है। राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के मजबूत संगठनकर्ता के रूप में पहचाने जाते हैं। सीपी राधाकृष्णन उत्तर भारत के भाजपा के राजनीतिक गलियारे में राधाजी के नाम से जाने जाते हैं।**

# राधाकृष्णन की उम्मीदवारी से कई हित सधेंगे

(ललित गर्ग )

अब तक भारतीय राजनीति में दक्षिण भारत, विशेषकर तमिलनाडु में भाजपा की जड़ें अपेक्षाकृत कमजोर और सबसे बड़ी चुनौती रहा है। उत्तर और पश्चिम भारत में लगातार सफलता के बाद पार्टी चाहती है कि दक्षिण के राज्य भी उसके प्रभाव में आएं।

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राजग ने चंद्रपुरम पोन्नुस्वामी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित करके एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। भाजपा ने बहुत सोच-समझकर उन्हें इस प्रतिष्ठित पद का उम्मीदवार बनाया है। वे तमिल हैं, पिछड़े भी हैं, संघ से जुड़े हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पुराने करीबी एवं साफ-सुथरी छवि वाले राजनायक हैं। भाजपा ने जब उन्हें उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया, तो यह केवल राजनीतिक गणित का परिणाम नहीं था, बल्कि एक ऐसे व्यक्तित्व को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने का निर्णय था, जो सादगी, ईमानदारी और सेवा की पहचान रखते हैं। उनका चयन भारतीय लोकतंत्र की व्यापकता और समावेशिता का जीवंत प्रतीक है।

अब तक भारतीय राजनीति में दक्षिण भारत, विशेषकर तमिलनाडु में भाजपा की जड़ें अपेक्षाकृत कमजोर और सबसे बड़ी चुनौती रहा है। उत्तर और पश्चिम भारत में लगातार सफलता के बाद पार्टी चाहती है कि दक्षिण के राज्य भी उसके प्रभाव में आएं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं और वहां भाजपा के शीर्ष चेहरों में गिने जाते हैं। उनका उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनना भाजपा की यह घोषणा है कि वह दक्षिण भारत को अब हाशिए पर नहीं, बल्कि सत्ता की मुख्यधारा में लाना चाहती है। राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के मजबूत संगठनकर्ता के रूप में पहचाने जाते हैं। सीपी राधाकृष्णन उत्तर भारत के भाजपा के राजनीतिक गलियारे में राधाजी के नाम से जाने जाते हैं। तमिलनाडु की कोयंबटूर लोकसभा सीट से 1998 और 1999 के आम चुनावों में भाजपा के टिकट पर सांसद चुने गए सीपी राधाकृष्णन ने स्कूली जीवन से ही आरएसएस का दामन थाम लिया था। हालांकि एक दौर में वे तमिल राजनीति में अन्नाद्रमुक के करीब माने जाते थे। उनके तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं से मधुर संबंध हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव में डीएमके भी उनकी उम्मीदवारी का विरोध करना कठिन हो सकता है।

उपराष्ट्रपति पद पर उनका चयन ओबीसी समाज को सम्मान और सशक्तिकरण का नया संदेश देगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने लगातार इस वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया है। राधाकृष्णन ओबीसी समाज से आते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की नीति को बल दिया है। राधाकृष्णन का चयन इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इससे भाजपा को देशभर में ओबीसी समाज का और अधिक समर्थन मिल सकता है। इससे भाजपा की सामाजिक आधारशिला और मजबूत होगी। भाजपा अपने निर्णयों से हमेशा करिश्मा घटित करती रही है, अपने चतुराई का परिचय



देती रही है, सी.पी. राधाकृष्णन का चयन भाजपा की इसी रणनीतिक चतुराई का ही बड़ा उदाहरण है। इससे पार्टी ने एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं, दक्षिण भारत में पैठ बनाना, ओबीसी समाज को साधना, विपक्ष को असहज करना और साफ-सुथरी राजनीति का संदेश देना। यह तय है कि उपराष्ट्रपति के रूप में वे न केवल भाजपा बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए सफल नायक सिद्ध होंगे।

यह एक संयोग की कहा जायेगा कि देश के शीर्ष दो पदों पर विराजमान हस्तियों का नाता झारखंड से रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु देश के सर्वोच्च पद पर चुने जाने से पहले झारखंड की राज्यपाल रहीं और देश के उपराष्ट्रपति बनने जा रहे सीपी राधाकृष्णन भी इस राज्य के राज्यपाल रहे हैं। इन दिनों वे महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। वे झारखंड के साथ ही तेलंगाना के राज्यपाल और पुदुचेरी के उपराज्यपाल का भी अतिरिक्त कार्यभार संभाल चुके हैं। मोदी-शाह का उन पर बड़ा भरोसा रहा है, क्योंकि उन्हें एक समय एक साथ तीन-तीन राज्यों के राज्यपालों की जिम्मेदारी थमाई गई थी। अभी उपराष्ट्रपति पद पर ऐसे ही भरोसेमंद, निष्ठाशील एवं जिम्मेदार व्यक्ति की ही तलाश थी। उपराष्ट्रपति भारत का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी करते हैं। राधाकृष्णन का अध्ययनशील स्वभाव, शालीन व्यवहार और संतुलित दृष्टिकोण भारत की सॉफ्ट पावर को और मजबूत करेगा। उनका व्यक्तित्व भारत की परंपरा, संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रभावी प्रतिनिधित्व करेगा।

भारतीय राजनीति में उपराष्ट्रपति केवल राज्यसभा के सभापति ही नहीं होते, बल्कि सर्वदलीय संवाद और लोकतांत्रिक परंपराओं के संरक्षक भी होते हैं। राधाकृष्णन का सौम्य व्यक्तित्व, धैर्य और संवाद क्षमता उन्हें इस भूमिका में और अधिक सफल बनाएगी। विपक्षी दलों के लिए भी उनकी छवि स्वीकार्य है, जो संसद की कार्यवाही को संतुलित बनाए रखने में सहायक होगी। सी.पी. राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति पद पर चयन भारतीय लोकतंत्र की उस विशेषता को रेखांकित करता है, जिसमें सादगी और सेवा जैसे गुण सर्वोपरि माने जाते हैं। वे न केवल दक्षिण भारत और ओबीसी समाज का सम्मान हैं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए आशा और संतुलन का चेहरा हैं। निश्चित रूप से वे उपराष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाते हुए आने वाले वर्षों में एक आदर्श और प्रेरक नायक सिद्ध होंगे। जैसाकि पूर्व उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन हमारे आदर्श नायक हैं।

वैसे भी डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और वर्तमान उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन के बीच कुछ उल्लेखनीय समानताएं दिखाई देती हैं। भले ही दोनों की पृष्ठभूमि अलग हो, एक महान दार्शनिक, शिक्षक और राजनयिक रहे, तो दूसरे राजनीति और सामाजिक जीवन से जुड़े हैं, फिर भी उनके व्यक्तित्व में कई साझा बिंदु हैं जैसे दोनों का नाम 'राधाकृष्णन' है, जो भारतीय संस्कृति में श्रीकृष्ण से जुड़ी भक्ति, ज्ञान और नीति का प्रतीक है। दोनों ने अपने-अपने क्षेत्र में भारतीय परंपरा और मूल्यों को प्रतिष्ठित किया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भारतीय दर्शन को विश्वपटल पर प्रतिष्ठा दिलाई और शिक्षा जगत को नई दिशा दी। सी.पी. राधाकृष्णन ने राजनीति और सार्वजनिक जीवन में सेवा, ईमानदारी और पारदर्शिता के लिए ख्याति अर्जित की। डॉ. राधाकृष्णन जीवन भर शिक्षक रहे और शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार माना। सी.पी. राधाकृष्णन का राजनीतिक जीवन भी शिक्षा, नैतिकता और संस्कारों की धरती पर खड़ा है। वे स्वच्छ छवि और सादगी के लिए जाने जाते हैं। दोनों का जीवन साधारण परंतु ऊँचे आदर्शों से जुड़ा रहा। किसी प्रकार का दुराचार या विवाद इन दोनों के जीवन में नहीं जुड़ा, जो आज के राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में बहुत दुर्लभ है। डॉ. राधाकृष्णन को दार्शनिक-राजनेता के रूप में विश्वभर में सम्मान मिला। सी.पी. राधाकृष्णन को जनता का भरोसा, सरल व्यवहार और समाज में उनकी स्वीकार्यता ने एक सम्मानित नेता बनाया। डॉ. राधाकृष्णन ने भारतीय संस्कृति के सार्वभौमिक दृष्टिकोण को स्थापित किया। सी.पी. राधाकृष्णन भी राजनीति में समन्वयकारी, सर्वसमावेशी और राष्ट्रहित की सोच को आगे बढ़ाते हैं। दोनों ही भारतीय मूल्यों, ईमानदारी और राष्ट्र-सेवा के प्रतीक माने जा सकते हैं।

राजनीति में सी.पी. राधाकृष्णन की पहचान एक स्वच्छ और सादगीपूर्ण नेता की है। वे कभी भी विवादास्पद राजनीति का हिस्सा नहीं बने, बल्कि अपने संगठन कौशल, जनता से जुड़ाव और सेवाभाव से अपनी अलग जगह बनाई।

# कुत्तों को संभालना और रेबीज का इलाज खोजना जरूरी

(प्रदीप कुमार मुखर्जी)

लावारिस या आवारा कुत्तों की समस्या दिन-ब-दिन विकट रूप धारण करती जा रही है। एक ओर पशुप्रेमी, विशेष रूप से श्वानप्रेमी, आवारा कुत्तों के प्रति अपने प्रेम का प्रदर्शन करते हुए उन्हें खिलाते-पिलाते रहते हैं। मगर परेशानी यह है कि ये उन्हें अपने घर न ले जाकर गली की ही शोभा बनाए रखना चाहते हैं।

दूसरी ओर, इन लावारिस कुत्तों से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को खासतौर पर खतरा बना रहता है। कहीं-कहीं तो मौका मिलने पर ये नवजात शिशुओं को नोच-खसोटकर उनकी जान ही ले लेते हैं। चूंकि इन कुत्तों को लोगों का पूरा स्नेह नहीं मिल पाता, इसलिए वे आक्रामक होकर लोगों पर झपटकर उनमें दांत गड़ा देते हैं। यही कारण है कि देश की शीर्ष अदालत द्वारा 11 अगस्त को दिए गए फैसले का स्वागत जहां आम जनता ने किया है, वहीं पशुप्रेमी और पशु अधिकारों की पैरोकारी करने वाले संगठनों ने अपनी नाराजगी जाहिर की है।

पशु अधिकार कार्यकर्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने इसे नितांत अव्यावहारिक, आर्थिक रूप से असंभव और पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से भी हानिकारक बताया है। कोर्ट ने सख्ती से पूछा था कि पशुप्रेमी क्या रेबीज से मरे बच्चों को वापस ला सकते हैं? यह एक महत्वपूर्ण टिप्पणी है, लिहाजा जमीनी वास्तविकता पर गौर करना आवश्यक है।

साल 2022-23 में किए गए एक गैर-सरकारी सर्वेक्षण के अनुसार, दिल्ली में लगभग 10 लाख लावारिस कुत्ते हैं। इनमें से आधे से भी कम का बधियाकरण किया गया है। ध्यान रहे कि इसी साल जनवरी से जून तक सिर्फ राष्ट्रीय राजधानी में जानवरों (कुत्ते, बंदरों आदि) के काटने की 35,198 घटनाएं दर्ज की गई हैं। एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के अनुसार, दिल्ली में लावारिस कुत्तों के काटने के मामले वर्ष 2022 में लगभग 6,700 थे, जो वर्ष 2024 में बढ़कर 25,000 से अधिक हो गए। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेबीज के टीके के लिए रोजाना 700-800 पीड़ित पहुंचते हैं। पहले यह संख्या 500-550 के बीच थी। सफदरजंग में जनवरी-जुलाई, 2025 के दौरान 91,009 पीड़ित आए, जबकि इसी अवधि में हिंदूराव अस्पताल में पहुंचने वाले पीड़ितों की संख्या 4,861 थी। नोएडा में, जनवरी से मई, 2025 के दौरान कुत्ता काटने के 52,700 से अधिक मामले सामने आए। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने विगत 22 जुलाई को संसद में बताया था कि पिछले



वर्ष देश में कुत्तों के काटने के मामलों की संख्या 37,17,336 थी, जबकि रेबीज से हुई संदेहास्पद मानव मौतों की सख्या 54। एक अनुमान के अनुसार, भारत में प्रति वर्ष लगभग 5,700 लोग रेबीज की वजह से मरते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुमान के अनुसार, रेबीज के कारण हरेक साल विश्व भर में लगभग 59,000 लोगों की मौत हो जाती है, जिनमें से 95 प्रतिशत से अधिक मौतें एशिया और अफ्रीका में होती हैं। यह दुखद है कि इन मौतों में से 40 प्रतिशत मौतें 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों की होती हैं।

कुत्तों के काटने से होने वाली रेबीज बड़ी ही खतरनाक बीमारी है। इसका समय पर इलाज न मिल पाने से पीड़ित व्यक्ति तड़पकर दम तोड़ देता है। मरने से पहले ऐसे व्यक्ति को पानी का डर सताने लगता है, जिसको 'हाइड्रोफोबिया' का नाम दिया जाता है। र

# रेयर अर्थ मैग्नेट्स और चीन की ढील अस्थायी राहत है, समाधान आत्मनिर्भरता में छिपा है

**भारत इस बात को समझ रहा है इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने पहले से तैयारी शुरू कर दी थी और लिथियम बैटरियों के स्वदेशी उत्पादन की दिशा में कदम बढ़ाये थे। हम आपको याद दिला दें कि भारत सरकार ने 2021 में राष्ट्रीय उन्नत रसायन सेल (एसीसी) बैटरी भंडारण कार्यक्रम के अंतर्गत पीएलआई-एसीसी योजना शुरू की थी। 18,100 करोड़ रुपये की इस योजना का लक्ष्य 50 गीगावाट घंटा उत्पादन क्षमता विकसित करना है।**

(नीरज कुमार दुबे )

चीन द्वारा निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों ने भारतीय उद्योगों को झटका दिया था। विशेष रूप से ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में उत्पादन और नई परियोजनाओं पर संकट खड़ा हो गया था। हालाँकि, चीन ने अब इन प्रतिबंधों में ढील दी है, जिससे तत्काल राहत मिली है।

चीन द्वारा हाल ही में लगाए गए और फिर हटाए गए रेयर अर्थ मैग्नेट्स के निर्यात प्रतिबंध ने भारत की औद्योगिक ढाँचे की सबसे बड़ी कमजोरी को उजागर कर दिया है। इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों की प्रगति जिन महत्वपूर्ण खनिजों पर निर्भर है, उनमें भारत आज भी भारी मात्रा में आयात पर आश्रित है। चीन का वर्चस्व और उसकी नीतिगत अनिश्चितता भारत जैसे देश के लिए केवल आर्थिक चुनौती ही नहीं, बल्कि रणनीतिक खतरा भी है।

चीन द्वारा निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों ने भारतीय उद्योगों को झटका दिया था। विशेष रूप से ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में उत्पादन और नई परियोजनाओं पर संकट खड़ा हो गया था। हालाँकि, चीन ने अब इन प्रतिबंधों में ढील दी है, जिससे तत्काल राहत मिली है, लेकिन इसने यह भी साफ कर दिया कि यदि भारत समय रहते आत्मनिर्भर नहीं बना तो भविष्य में ऐसी स्थितियाँ बार-बार सामने आ सकती हैं।

भारत इस बात को समझ रहा है इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने पहले से तैयारी शुरू कर दी थी और लिथियम बैटरियों के स्वदेशी उत्पादन की दिशा में कदम बढ़ाये थे। हम आपको याद दिला दें कि भारत सरकार ने 2021 में राष्ट्रीय उन्नत रसायन सेल (एसीसी) बैटरी भंडारण कार्यक्रम के अंतर्गत पीएलआई-एसीसी योजना शुरू की थी। 18,100 करोड़ रुपये की इस योजना का लक्ष्य 50 गीगावाट घंटा उत्पादन क्षमता विकसित करना है। इसमें से 40 गीगावाट घंटा क्षमता पहले ही विभिन्न कंपनियों को आवंटित की जा



चुकी है। यह क्षमता न केवल इलेक्ट्रिक वाहनों बल्कि उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, रेल और रक्षा क्षेत्र को भी मजबूत करेगी। इससे यह उम्मीद की जा रही है कि भारत लिथियम बैटरियों के क्षेत्र में धीरे-धीरे आयात पर निर्भरता घटाकर घरेलू वैल्यू चेन तैयार करेगा।

इसके अलावा, खनन मंत्रालय ने रणनीतिक खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई अंतरराष्ट्रीय समझौते किए हैं। ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, जाम्बिया, पेरू, जिम्बाब्वे, मोजाम्बिक, मलावी, कोट डी आइवरी जैसे खनिज-संपन्न देशों के साथ सहयोग बढ़ाया जा रहा है। साथ ही भारत ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए ) जैसे संगठनों के साथ भी साझेदारी की है। यह सहयोग न केवल कच्चे खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा बल्कि टेक्नोलॉजी, अनुसंधान और निवेश के क्षेत्र में भी मददगार होगा।

इन सभी प्रयासों से तीन महत्वपूर्ण संदेश निकलते हैं। पहला यह है कि चाहे बैटरी निर्माण हो या रेयर अर्थ मैग्नेट्स का उत्पादन, भारत को अपनी घरेलू वैल्यू चेन विकसित करनी ही होगी। दूसरा है कि चीन पर अत्यधिक निर्भरता की बजाय भारत को खनिजों की आपूर्ति के लिए बहुस्तरीय और बहु-देशीय नेटवर्क खड़ा करना होगा। तीसरा है कि यदि भारत वास्तव में ई-मोबिलिटी और नवीकरणीय ऊर्जा में वैश्विक नेतृत्व चाहता है तो उसे केवल आयात पर आधारित रणनीति से आगे बढ़कर संपूर्ण स्वदेशी पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना होगा।

जहां तक यह सवाल है कि रेयर अर्थ मैग्नेट्स क्यों खास हैं तो आपको बता दें कि रेयर अर्थ मैग्नेट्स अब तक के सबसे शक्तिशाली स्थायी चुम्बक माने जाते हैं। इनकी सबसे बड़ी विशेषता है उच्च चुंबकीय क्षमता और डिमैग्नेटाइजेशन (चुंबकत्व खत्म होने) के प्रति प्रतिरोध। इन्हें बनाने में मुख्यतः नियोडिमियम ,प्रसीओडिमियम ,और डिस्प्रोसियम जैसे रेयर अर्थ तत्वों का प्रयोग किया जाता है। इनकी मजबूती और हल्के वजन की वजह से ये छोटे आकार वाले, ऊर्जा-कुशल और आधुनिक उपकरणों के लिए अपरिहार्य हैं। वहीं सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला मैग्नेट है नियोडिमियम-आयरन-बोरोन मैग्नेट।

हम आपको बता दें कि चीन के पास दुनिया की लगभग 70 प्रतिशत रेयर अर्थ मेटल्स खनन और करीब 90त्न मैग्नेट उत्पादन का नियंत्रण है। चीन की ताकत सिर्फ खनन तक सीमित नहीं है, बल्कि वह पूरी सप्लाई चेन–खनन, प्रसंस्करण, मिश्र धातु उत्पादन और मैग्नेट निर्माण–पर काबिज है। पिछले 6-8 वर्षों में इन मैग्नेट्स की मांग तेजी से बढ़ी है क्योंकि ये सामान्य फेराइट/पारंपरिक चुम्बकों की तुलना में ज्यादा टिकाऊ, हल्के और प्रभावी हैं।

भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को 2025-26 में लगभग 870 टन रेयर अर्थ मैग्नेट्स की जरूरत होगी, जबकि देश की कुल मांग लगभग 3,600 टन अनुमानित है।

संक्षिप्त समाचार

## मशहूर और सबसे दयालु जज ने 88 साल की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के सबसे लोकप्रिय और दयालु जजों में से एक फ्रैंक कैप्रियो का 88 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनके निधन का कारण पैंक्रियाटिक कैंसर था। जज कैप्रियो को उनके अनोखे और इंसानियत भरे फैसलों के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता था। उनके जाने से उनके लाखों प्रशंसक दुखी हैं। जज फ्रैंक कैप्रियो ने रियलिटी शो कैच इन प्रोविडेंस के जरिए दुनियाभर में लोकप्रियता हासिल की। इस शो में वे ट्रैफिक उल्लंघन और छोटे-मोटे मामलों की सुनवाई करते थे। उनका सुनवाई का तरीका बेहद दयालु और समझदारी भरा होता था। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत वायरल हुआ था जिसमें उन्होंने एक बुजुर्ग व्यक्ति का ओवरस्पीडिंग का चालान माफ कर दिया था क्योंकि वह उनकी पहली गलती थी। इस तरह के फैसलों ने उन्हें ÷सबसे दयालु जज÷ के रूप में मशहूर कर दिया। जज कैप्रियो की मौत का कारण बना पैंक्रियाटिक कैंसर जिसे दुनिया के सबसे खतरनाक कैंसरों में से एक माना जाता है। यह कैंसर पेट के अंदर मौजूद महत्वपूर्ण अंग पैंक्रियाज में शुरू होता है जो पाचन और इंसुलिन बनाने का काम करता है। पहचान में मुश्किल= शुरुआती चरण में इस बीमारी के कोई लक्षण दिखाई नहीं देते इसलिए इसका पता तब चलता है जब यह काफी बढ़ चुकी होती है। तेजी से फैलता है= यह कैंसर बहुत तेजी से फैलता है और आसपास के अंगों जैसे लिवर और पेट को भी प्रभावित कर सकता है जिससे इसका इलाज और मुश्किल हो जाता है।

## अफ्रीकी देश गिनी में भूस्खलन से 11 लोगों की मौत, 10 घायल

**कोनाक्री , एजेंसी।** पश्चिम अफ्रीकी देश गिनी की राजधानी कोनाक्री से 50 किलोमीटर दूर कोयाह प्रांत में भारी बारिश के कारण भूस्खलन में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी की ओर से बृहस्पतिवार को जारी एक बयान के अनुसार भूस्खलन बुधवार रात कोयाह प्रांत के ग्रामीण क्षेत्र मानेह में हुआ। स्थानीय निवासी कोने पेपे ने बताया, ''कल शाम करीब सात बजे बारिश हो रही थी। मैंने देखा कि अचानक पहाड़ टूटकर तलहटी में बने घरों पर गिर गया। इसके मलबे में घर दफन हो गए। कोई भी जीवित नहीं बचा।'' खोज और बचाव अभियान बृहस्पतिवार देर रात तक जारी रहा। शहरी नियोजन एवं आवास मंत्री मोरी कोंडे ने घटनास्थल का दौरा किया और कहा, ''बारिश के कारण पहाड़ का एक हिस्सा ढह गया और इमारतों पर गिर गया।'' अधिकारियों ने बताया कि घायलों में कुछ की हालत गंभीर है जिससे मृतक संख्या बढ़ सकती है।

## बस-एम्बुलेंस की टक्कर में छह लोगों की मौत, मुख्यमंत्री मरियम ने जताया शोक

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के रहीम यार खान जिले में एक यात्री बस और एम्बुलेंस की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में चार रेस्क्यू कर्मी शामिल हैं। गुरुवार को हादसा तब हुआ जब बस ने एक मोटरसाइकिल को बचाने की कोशिश में सामने से आ रही रेस्क्यू वाली गाड़ी 1122 एम्बुलेंस को टक्कर मार दी। चार रेस्क्यू कर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हुए। दो घायलों की हालत गंभीर है। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज़ ने हादसे पर दुख जताया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की।

## डेल्टा और यूनाइटेड एयरलाइंस पर धोखा देने का केस

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** इस हफ्ते न्यूयॉर्क और सैन फ्रांसिस्को में डेल्टा एयरलाइंस और यूनाइटेड एयरलाइंस के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इन कंपनियों पर आरोप है कि उन्होंने खिड़की वाली सीट बताकर यात्रियों से ज्यादा पैसे वसूले, जबकि कई सीटों के पास खिड़की थी ही नहीं सिर्फ दीवार थी। यह मुकदमे न्यूयॉर्क की एक कानून फर्म ने दर्ज किए हैं और ये सामूहिक मुकदमे हैं, यानी कोई भी यात्री जिसने ऐसी सीट बुक की हो, इस केस का हिस्सा बन सकता है।

### एनआरआई उद्योगपति लॉर्ड स्वराज पॉल का लंदन में निधन

# 94 की उम्र में ली अंतिम सांस

**लंदन, एजेंसी।** प्रमुख एनआरआई उद्योगपति लॉर्ड स्वराज पॉल का बृहस्पतिवार शाम (स्थानीय समयानुसार) लंदन में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, वह 94 साल के थे। हाल ही में बीमार पड़ने के चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में अंतिम सांस ली।



ब्रिटेन स्थित कैपारो ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के संस्थापक पॉल का जन्म पंजाब के जालंधर में हुआ था। 1960 के दशक में वह अपनी छोटी बेटी अंबिका के कैंसर के इलाज के लिए ब्रिटेन गए थे। लेकिन बेटी की चार साल की उम्र में मृत्यु हो गई, जिसके बाद पॉल ने एक धर्मार्थ ट्रस्ट के रूप में अंबिका पॉल फाउंडेशन की स्थापना की। इस संस्था ने शिक्षा और स्वास्थ्य पहलों के माध्यम से दुनिया भर के बच्चों और युवाओं के कल्याण के लिए लाखों डॉलर का दान किया।

पिछले महीने लंदन के अंबिका पॉल चिल्ड्रन्स जू में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान लॉर्ड पॉल ने कहा था कि यह वह जगह है, जहां अंबिका सबसे ज्यादा खुश रहती थीं। लॉर्ड पॉल ने अपने जीवन में बहुत दुख देखे। उन्होंने 2015 में अपने बेटे अंगद पॉल को खोया और 2022 में पत्नी अरुणा को। उनकी याद में वे लगातार परोपकारी काम करते रहते थे।

फरवरी 2023 में, लंदन के ऐतिहासिक इंडियन जिमखाना क्लब में लेडी अरुणा स्वराज पॉल हॉल का उद्घाटन करते हुए लॉर्ड पॉल ने कहा, यह हॉल मेरी अद्भुत पत्नी को श्रद्धांजलि है। मुझे उनकी बहुत याद आती है। हमारे 65 साल के वैवाहिक जीवन में हमने कभी झगड़ा नहीं किया।

लॉर्ड पॉल संडे टाइम्स रिच लिस्ट में नियमित रूप से शामिल होते रहे हैं। इस साल उनकी संपत्ति लगभग 2 बिलियन पाउंड आंकी गई और उन्हें 81वें स्थान पर रखा गया। उनकी संपत्ति का बड़ा हिस्सा बहुराष्ट्रीय कंपनी कैपारो समूह से आता है, जो स्टील और इंजीनियरिंग का बड़ा बिजनेस है। कैपारो समूह का मुख्यालय लंदन में है और यह 40 से ज्यादा जगहों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करता है, जिसका संचालन यूके, उत्तरी अमेरिका, भारत और मध्य पूर्व में स्थित है। उनके बेटे आकाश पॉल कैपारो इंडिया के अध्यक्ष और कैपारो समूह के निदेशक हैं।

## मरने के बाद दोबारा जिंदा हो सकते हैं लोग? 800 लोगों ने दिखाई उम्मीद

**वाशिंगटन , एजेंसी।**
मौत एक अंतिम सत्य है, ऐसा माना जाता है। लेकिन आधुनिक विज्ञान अब इस धारणा को भी चुनौती देने लगा है। एक ऐसी तकनीक जो मरने के बाद भी जीवन की उम्मीद देती है – इसे कहते हैं क्रायोनिक्स । आज दुनिया भर में कई वैज्ञानिक और निजी कंपनियां इस पर काम कर रही हैं। उनका दावा है कि अगर किसी इंसान या जानवर के शरीर को बेहद ठंडे तापमान पर सुरक्षित रखा जाए, तो भविष्य में नई तकनीकों से उसे फिर से जीवित किया जा सकता है। इस तकनीक में 800 से ज्यादा लोग अब तक आवेदन कर चुके हैं।



**क्या है क्रायोनिक्स तकनीक?:** क्रायोनिक्स एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें क्लिनिकली मृत व्यक्ति (यानि जिसका दिल और दिमाग काम करना बंद कर चुका हो) के शरीर को -196एष्ट तापमान पर लिक्विड नाइट्रोजन में सुरक्षित रखा जाता है। इस प्रक्रिया का मकसद है शरीर की कोशिकाओं को सड़ने या टूटने से बचाना। इसमें शरीर के टिश्यू से पानी को निकालकर उसमें क्रायोप्रोटेक्टेंट भरा जाता है, ताकि वह बर्फ में न बदले बल्कि ग्लास-जैसी अवस्था में बदल जाए। इसके बाद शरीर को स्टील कंटेनर में लिक्विड नाइट्रोजन के अंदर अनिश्चितकाल तक स्टोर किया जाता है। आशा यह है कि भविष्य में जब टेक्नोलॉजी और मेडिसिन काफी विकसित हो जाए, तब ऐसे शरीरों को दोबारा जिंदा किया जा सकेगा।

**दिमाग को अलग से क्यों स्टोर किया जाता है?:** कुछ लोग सिर्फ अपने मस्तिष्क (ब्रेन) को फ्रीज करवाते हैं। इसका कारण यह मान्यता है कि इंसान की स्मृति, चेतना और व्यक्तित्व दिमाग में ही बसते हैं। भविष्य में यदि सिर्फ दिमाग को किसी कृत्रिम शरीर या डिजिटल सिस्टम से जोड़ा जा सके, तो व्यक्ति को फिर से सक्रिय किया जा सकता है।

## पूर्व पीएम इमरान खान का भांजा लाहौर से अगवा

**लाहौर, एजेंसी।**
पाकिस्तान में इन दिनों सियासी पारा अपने चरम पर है। कारण है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने उनके भांजे शाहरेज खान को अगवा किए जाने का आरोप लगाया है।शाहरेज, इमरान की बहन अलीमा खान के बेटे हैं। पार्टी के वकील राणा मुदस्सर उमर ने बताया कि अब तक किसी भी केस में शाहरेज का नाम नहीं आया है और न ही वे राजनीति से जुड़े हैं। गुरुवार को उन्होंने अपने आरोप में कहा कि शाहरेज खान को लाहौर स्थित उनके घर से सादे कपड़े पहनकर आए लोगों ने अगवा कर लिया। पार्टी के मुताबिक शाहरेज ऑस्ट्रेलिया की एक बड़ी लिनेन कंपनी के रीजनल हेड और ट्रायथलीट हैं। उन्हें घर से जबरन उठाया गया। घरेलू सहायकों के साथ मारपीट हुई और शाहरेज को उनके दो बच्चों के सामने प्रताड़ित भी किया गया। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि एक दिन पहले उन्हें अपनी पत्नी के साथ लाहौर एयरपोर्ट से यात्रा करने से रोका गया था। उन्हें जबरन फ्लाइट से उतार दिया गया था।

## श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति को किया गया गिरफ्तार, भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में एक्शन

**कोलंबो , एजेंसी।**
श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि कथित भ्रष्टाचार के मामले में उनकी गिरफ्तारी हुई है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को कोलंबो में क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट ने पूर्व राष्ट्रपति को गिरफ्तार किया है।



बता दें कि उनकी गिरफ्तारी ऐसे समय पर हुई है, जब वह अपनी पुराने एक भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए सीआईडी के ऑफिस पहुंचे थे। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे शुक्रवार को एफसीआईडी के सामने पेश हुए थे। यहां पर वह अपना बयान दर्ज कराने के लिए पहुंचे थे। अधिकारियों का कहना है कि पूर्व राष्ट्रपति की गिरफ्तारी के बाद उन्हें कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाएगा। बता दें कि विक्रमसिंघे जुलाई 2022 में गोटाबाया राजपक्षे के शेष कार्यकाल के लिए श्रीलंका के राष्ट्रपति बने थे। कथित भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के विरोध में महीनों तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद गोटाबाया राजपक्षे ने अपना पद छोड़ दिया था।

बताया जाता है कि श्रीलंका में साल 2022 में देश में आए सबसे बुरे वित्तीय संकट के लिए राजपक्षे को ही जिम्मेदार माना जाता है। विक्रमसिंघे सितंबर में अपनी पुनः चुनावी बोली हार गए थे।

## हमास के लिए खुलेगा नरक का दरवाजा, इजरायल ने कब्जा करने को लेकर दी फाइनल वॉर्निंग

**येरूसलम, एजेंसी।**
इजरायल के रक्षा मंत्री ने धमकी दी है कि अगर हमास निरस्त्रीकरण, फिलिस्तीनी क्षेत्र में बचे हुए सभी बंधकों को रिहा करने और तेल अवीव की शर्तों पर युद्ध खत्म करने पर सहमत नहीं हुआ तो वह गाजा शहर को तबाह कर दिया जाएगा।



यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब इजरायल इस क्षेत्र में एक बड़े पैमाने पर आक्रमण की तैयारी कर रहा है। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, ÷जल्द ही गाजा में हमास के हत्यारों और बलात्कारियों के सिर पर नरक के द्वार खुल जाएंगे - जब तक कि वे युद्ध समाप्त करने के लिए इजरायल की शर्तों पर सहमत नहीं हो जाते, मुख्य रूप से सभी बंधकों की रिहाई और उनका निरस्त्रीकरण।÷

**गाजा को बना देंगे राफा:** उन्होंने कहा, ÷अगर वे सहमत नहीं होते हैं तो हमास की राजधानी गाजा, राफा और बेत हनून बन जाएगी।÷ उनका इशारा गाजा के उन दो शहरों की ओर था, जो पिछले इजरायली अभियानों के दौरान बड़े पैमाने पर नष्ट हो गए थे।

उनकी यह टिप्पणी इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के उस बयान के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि वह सेना को गाजा शहर पर कब्जा करने का अधिकार देंगे। नेतन्याहू ने गाजा में बचे हुए सभी बंधकों को छुड़ाने के लिए तत्काल बातचीत का आदेश दिया है।

**गाजा पर कब्जा करने के लिए बुलाए रिजर्व सैनिक:** इस सप्ताह की शुरुआत में इजरायल के रक्षा मंत्रालय ने गाजा शहर पर कब्जा करने में मदद के लिए लगभग 60,000 रिजर्व सैनिकों को बुलाने की इजाजत दी थी। नेतन्याहू ने एक वीडियो बयान में कहा, ÷ये दोनों मामले - हमास को हराना और हमारे सभी बंधकों को रिहा करना - एक साथ चलते हैं।÷ आधाकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में इजरायल पर हमास के हमले में 1219 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर आम नागरिक थे।

## कराची में गोदाम में धमाके से दो की मौत, 33 घायल

### पटाखों के कच्चे माल से हुआ बड़ा हादसा



**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां कराची के भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित ताज मेडिकल कॉम्प्लेक्स के पास गुरुवार को एक गोदाम में जोरदार धमाका हो गया। हादसे में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है और 33 लोग घायल हुए हैं। मामले में पाकिस्तान की आधिकारिक बहु-खतरा आपातकालीन सेवा रेस्क्यू 1122 के मुताबिक, धमाका एक तीन मंजिला इमारत के बेसमेंट में हुआ जहां पटाखे बनाने का कच्चा माल रखा गया था। ऊपर की मंजिलों पर परिवार रहते थे। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने और फिर ज्वलनशील पदार्थ की वजह से धमाका होने की बात सामने आई है। बता दें कि हादसे में 20 घायल जिन्ना पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सेंटर में भर्ती हैं, जिनमें 2 की हालत नाजुक है। 14 घायल सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में हैं। बाद में घटनास्थल से 16 साल के एक लड़के की लाश मिली और एक घायल ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

**सीटीडी ने बताया विस्फोटक:** वहीं इस धमाका को लेकर काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) के अधिकारी राजा उमर खताब ने बताया कि वहां केवल पटाखों का नहीं बल्कि भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री रखी गई थी। उन्होंने कहा कि इस इलाके से पहले भी दो टन विस्फोटक बरामद हो चुका है। अधिकारियों के अनुसार, सिंध में पटाखों की कोई वैध फैक्ट्री नहीं है और यह गोदाम अवैध रूप से रिहायशी इलाके में चल रहा था। धमाके से इमारत को भारी नुकसान हुआ, आसपास की गाड़ियों पर कंक्रीट के टुकड़े गिर गए और आसपास की खिड़कियां भी टूट गईं। आग बुझाने के लिए 12 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां लगाई गईं।

**कराची के सीएम मुराद अली का सख्त निर्देश=:** वहीं मामले में मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने सभी घायलों को तुरंत इलाज दिलाने के निर्देश दिए और घटना की विस्तृत रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि आबादी के पास इस तरह के खतरनाक पदार्थ रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती। गौरतलब है कि यह घटना कराची में कुछ हफ्तों पहले हुए लांधी एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन की आग के बाद एक और बड़ी लापरवाही को उजागर करती है।

## शाही परिवार को बदनाम करने के मामले में किए बरी

### पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनवात्रा को बड़ी राहत

**बैंकॉक, एजेंसी।**
थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा को शाही मानहानि मामले में बड़ी राहत मिली है। पूर्व पीएम शिनावात्रा ने कहा कि शुक्रवार को एक अदालत ने उन्हें मानहानि के मामले में बरी कर दिया। उनके वकील ने भी फैसले की पुष्टि की। हालांकि बैंकॉक आपराधिक न्यायालय ने कोई बयान जारी नहीं किया है।



पिछले साल पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा पर थाईलैंड की राजशाही को बदनाम करने के आरोप में औपचारिक रूप से केस दर्ज कराया गया था। जो देश की राजनीति को अस्थिर करने वाले कई अदालती मामलों में से एक है। थाकसिन पर मूल रूप से 2016 में लेसे मैजेस्टे कानून का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था, क्योंकि उन्होंने एक साल पहले दक्षिण कोरिया के सियोल में पत्रकारों से बात करते हुए टिप्पणी की थी। हालांकि थाकसिन ने आरोपों से इनकार किया था और खुद का बचाव करते हुए एक बयान जारी किया था।

**थाईलैंड में लेसे मैजेस्टे कानून के तहत हुआ था मुकदमा:** थाईलैंड में राजतंत्र को बदनाम करने के लिए बनाए गए कानून के तहत किसी भी शख्स को तीन से 15 साल तक की जेल की सजा हो सकती है। इस कानून को लेसे मैजेस्टे के नाम से जाना जाता है और ये दुनिया के इस तरह के सबसे कठोर कानूनों में से एक है। इसी कानून के उल्लंघन के आरोप में थाकसिन पर केस दर्ज कराया गया था।

18 साल पहले थाईलैंड की राजनीति से बेदखल किए पूर्व प्रधानमंत्री थकसिन शिनावात्रा आज भी देश में एक प्रभावशाली राजनीतिक हस्ती है। दरअसल थकसिन शिनावात्रा को थाईलैंड का सबसे सफल चुना हुआ नेता माना जाता है। तख्तापलट के जरिए सत्ता से बाहर किए जाने के बाद उनपर प्रतिबंध भी लगाया गया था। वहीं थाकसिन ने पूरे मामले को राजनीति से प्रेरित बताया था।

**साल 2008 में लगा था भ्रष्टाचार का आरोप:** दो बार थाईलैंड के प्रधानमंत्री रह चुके थाकसिन एक अरबपति नेता हैं, जो अक्सर विवादों में घिरे रहते हैं। थाकसिन ने साल 2001 से 2006 तक थाईलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था। हालांकि, साल 2006 के सैन्य तख्तापलट में उन्हें इस पद से हटा दिया गया था। साल 2008 में थाकसिन पर भ्रष्टाचार और सत्ता के पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया, जिसके बाद वह थाईलैंड छोड़कर भाग गए थे और करीब 15 साल के आत्म-निर्वासन बाद, पिछले साल अगस्त में वापस अपने देश आ गए।

## भारत पर टैरिफ लगाने और चीन को बचाने पर ट्रंप को विशेषज्ञों की चेतावनी

### कहा- संबंधों पर पड़ेगा प्रभाव

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने पर विशेषज्ञों ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि रूस से तेल खरीदने पर भारत पर टैरिफ लगाने और चीन को बचाने से अमेरिका को ही नुकसान हो सकता है। भारत पर टैरिफ लगाने से दोनों देशों के संबंधों पर प्रभाव पड़ेगा।



भू-राजनीतिक और आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि भारत के खिलाफ इस हमले का भारत-अमेरिका संबंधों पर दूरगामी और दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है। ट्रंप की सहयोगी निक्की हेली ने एक लेख में कहा कि चीन को पछाड़ने के अमेरिकी विदेश नीति के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अमेरिका और भारत के बीच संबंधों को पटरी पर लाने से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ और नहीं है। भारत से मूल्यवान स्वतंत्र और लोकतांत्रिक साझेदार की तरह व्यवहार किया जाना चाहिए, न कि चीन जैसे प्रतिद्वंद्वी की तरह। एशिया में चीनी प्रभुत्व के प्रतिकार के रूप में काम करने वाले एकमात्र देश के साथ 25 वर्षों की गति को रोकना एक रणनीतिक आपदा होगी।

उन्होंने कहा कि भारत, अमेरिका को अपनी महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं को चीन से दूर ले जाने में मदद करने के लिए आवश्यक है और यह स्वतंत्र विश्व की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण परिसंपत्ति है। जबकि ट्रंप प्रशासन विनिर्माण को अमेरिका में वापस लाने के लिए काम कर रहा है। भारत उन उत्पादों के लिए चीन जैसे पैमाने पर विनिर्माण करने की क्षमता के मामले में अकेला है, जिनका उत्पादन यहां शीघ्रता से या कुशलता से नहीं किया जा सकता है, जैसे कि कपड़ा, सस्ते फोन और सौर पैनल। हेली ने कहा कि चीन के विपरीत लोकतांत्रिक भारत का उदय स्वतंत्र विश्व के लिए खतरा नहीं है और इसलिए भारत की शक्ति बढ़ने के साथ ही चीन की महत्वाकांक्षाएं कम होनी होंगी। भू-राजनीतिक विशेषज्ञ फरीद जकारिया ने अमेरिका भारत संबंधों को खराब करने के लिए ट्रंप की आलोचना की। जकारिया ने कहा कि ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए गए दंडात्मक टैरिफ अमेरिका की सबसे बड़ी विदेश नीति गलती थी। अगर ट्रंप अपना रुख बदल भी देते हैं, तो भी नुकसान हो चुका है। भारत का मानना है कि अमेरिका ने अपना असली रंग दिखा दिया है। वह अविश्वसनीय है और जिसे वह अपना दोस्त कहता है, उसके साथ क्रूरता करने को तैयार है। भारत को लगेगा कि उसे अपनी बाजी सुरक्षित रखनी होगी। रूस के साथ नजदीकी बनाए रखें और चीन के साथ सुलह करें। अमेरिकी अर्थशास्त्री जेफरी सैक्स ने भी भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के ट्रंप के कदम की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ब्रिक्स के महान एकीकरणकर्ता हैं।

# रामानुजगंज में मेंटेनेंस के नाम पर लगातार 7 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बंद, छत्तीसगढ़ की साय सरकार की हो रही बदनामी

**रामानुजगंज।** मेंटेनेंस के नाम पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी लिमिटेड बलरामपुर के कार्यपालन अभियंता प्रकाश अग्रवाल के द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर विद्युत आपूर्ति बंद करने की सूचना जारी की गई थी। और उस सूचना में कंटिन्यू 7 घंटा बिजली आपूर्ति बंद रहने का समय फिक्स किया गया था। समय व्यतीत होने के बाद भी विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं की गई। लगातार विद्युत आपूर्ति बंद होने से बुजुर्ग महिलाएं बच्चे एवं गृहणियों सहित हर वर्गो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग तो वेंटिलेटर पर है उनकी भी जान की परवाह विद्युत विभाग के द्वारा नहीं किया जा रहा है यदि उनकी जान भी चली जाए तो इनका कोई सरोकार नहीं है। बरसात से पूर्व बेहतर विद्युत व्यवस्था सप्लाई देने के लिए भीषण गर्मी में भी कटौती मेंटेनेंस के नाम पर और बरसात में भी विद्युत कटौती की जा रही है। इनकी इन हरकतों से यही पता चलता है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार को बदनाम करने की साजिश की जा रही है। जब विद्युत कटौती के संबंध में मुख्य अभियंता



यशवंत शैलेंद्र को जानकारी दी गई तो उन्होंने कहा कि मैं देखता हूं 2 घंटे का समय व्यतीत होने के बाद जब उनका फोन लगाया गया तो उन्होंने मीटिंग में होने की बात कही गई। तत्पश्चात मुख्य अभियंता छत्तीसगढ़ भीम सिंह को इस संबंध में जानकारी दी गई तो अंबिकापुर के अधीक्षण अभियंता आर.के.मिश्रा ने फोन कर जानकारी दि की कुछ देर में लाइन सप्लाई प्रारंभ कर दी जाएगी। अब सवाल यह उठता है कि अत्यधिक समय तक बिजली बंद होने से आम जनता को कितनी बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इस बात को सारे लोग जानते हैं लेकिन विभाग की इस लापरवाही पर कार्रवाई न होना उनको मनमानी करने की खुली छूट दी जा रही है जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। रामानुजगंज में आज प्रातः 5:00 बजे से ही रुक-रुक कर लगातार बारिश का सिलसिला जारी है इसके बाद भी इस भरी बरसात में लोगो को मेंटेनेंस का हवाला देकर विद्युत आपूर्ति को बंद कर देना लोगों के गले से नहीं उतर रहा है। पूरे शहर में जन चर्चा का विषय बना हुआ है कि बारिश में मेंटेनेंस का कार्य करना आम जनता को परेशान करने के सिवा और कुछ भी नहीं है। यदि विद्युत विभाग की यही कार्य प्रणाली जारी रही तो रामानुजन शहर में कभी भी शांति भंग हो सकती है मेंटेनेंस के नाम पर दो से चार घंटा तो आम जनता बर्दाश्त कर सकती है लेकिन कंटिन्यू 7 से 8 घंटा बिजली का प्रबंध रखना आम जनता के बर्दाश्त की बाहर की बात हो जा रही है।

> लगातार 7 घंटे तक विद्युत कटौती के संबंध में रामानुजगंज नगर पालिका परिषद के विधायक प्रतिनिधि शैलेष कुमार गुप्ता ने कहा कि बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए मेंटेनेंस करना जरूरी है लेकिन जन भावनाओं को ख्याल में रखते हुए टाइमिंग में सुधार की जानी चाहिए क्योंकि लगातार 7 घंटे तक यदि विद्युत आपूर्ति बंद होती है तो कई बड़े हादसा होने की संभावना बन जाती है साथ ही सरकार की बदनामी भी होती है इसलिए विभाग को जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मेंटेनेंस कार्य किया जाना चाहिए।

# हसौद में चोरी की घटनाएं बेकाबू, एक ही घर में दो बार चोरी

## श्रद्धा मोबाइल के बाहर से बाइक भी उड़ा ले गए चोर

**जैजैपुर** । जिले के हसौद नगर में चोरी की बढ़ती घटनाओं ने आम नागरिकों की नींद उड़ा दी है। बीते दिनों प्रेमलता भार्गव के घर में अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर 20,000 रुपये नगदी चुरा ली थी। हैरानी की बात यह है कि इस घटना के एक सप्ताह बाद फिर से उसी घर को चोरों ने निशाना बनाया और ताले तोड़ दिए। इससे क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल है। पीड़िता प्रेमलता भार्गव ने बताया, पहली चोरी के बाद हमने पुलिस से कार्रवाई की उम्मीद की थी, लेकिन कोई परिणाम नहीं आया। अब दूसरी बार फिर से घर में चोरी हुई है। यह बेहद डराने वाली स्थिति है। परिवार मानसिक तनाव से गुजर रहा है। पुलिस अब तक किसी भी आरोपी को पकड़ नहीं पाई है। जांच की बात कही जा रही है, लेकिन इलाके में लगातार हो रही घटनाओं से लोगों का भरोसा डगमगाने लगा है।



इसी के साथ एक अन्य चोरी की घटना में, हसौद स्थित श्रद्धा मोबाइल दुकान के बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल को चोरों ने पार कर दिया। यह पूरी वारदात दुकान के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बावजूद इसके, चोर अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि अगर सीसीटीवी फुटेज होने के बाद भी चोर नहीं पकड़े जाते, तो यह पुलिस की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल है। श्रद्धा मोबाइल के संचालक ने बताया कि हमने फुटेज पुलिस को दे दिया है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। दुकानदारी पर भी असर पड़ रहा है।इन घटनाओं ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है। नागरिकों ने थाना प्रभारी और पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि इन मामलों की जल्द जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए और क्षेत्र में रात्रि गश्त को सख्त किया जाए।

# पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में साइबर अपराध की कार्यशाला संपन्न



**रामानुजगंज।** पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल की अध्यक्षता में जिले के शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय वाड्रफनगर में साइबर अपराध, यातायात सुरक्षा एवं नशामुक्ति्त विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं,इस लिए प्रत्येक छात्रों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है। ऑनलाईन ठगी व डिजिटल अरेस्ट पर विस्तृत व्याख्यान देने के साथ इससे बचने के उपाय को बताते हुए शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी गई। नशे से होने वाले दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से नशामुक्त जीवन जीने का आह्वान किया गया। यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करने तथा हेलमेट, सीटबेल्ट,निर्धारित गति सीमा और यातायात संकेतों का पालन करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए सड़क दुर्घटनाओं से बचाव एवं सुरक्षित ड्राइविंग के व्यावहारिक उपाय भी बताय गय। इस अवसर पर संस्था एवं विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

**मनेंद्रगढ़।** शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में प्री-प्राइमरी कक्षाओं हेतु फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय स्वतंत्रता सेनानी रखा गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य नौनिहालों में सहानुभूति, आत्मविश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति जैसे गुणों का विकास करना रहा। छोटे-छोटे बच्चों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, एनी बेसेंट, मंगल पांडे, रानी लक्ष्मी बाई, सरोजिनी नायडू, सुभाष चंद्र बोस, सरदार वल्लभभाई पटेल, बेगम हजरत महल, वीर सावरकर आदि महान विभूतियों का रूप धारण कर उनके योगदान से सबको अवगत कराया। नन्हें प्रतिभागियों ने स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा के साथ उनके प्रसिद्ध नारों और संवादों का भी सजीव




प्रदर्शन किया। रानी लक्ष्मी बाई के स्वर में मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रसिद्ध उद्घोष तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा ने सभागार में देशभक्ति का अद्भुत वातावरण निर्मित किया और दर्शकगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों को न केवल आत्मविश्वास देती हैं बल्कि उन्हें देश के गौरवशाली इतिहास से जोड़ती हैं। उन्होंने कहा, जब हमारे बच्चे स्वतंत्रता सेनानियों का रूप धारण करते हैं तो यह केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि उन वीरों के जीवन और उनके मूल्यों को समझने का महान अवसर बन जाता है। विद्यालय की निदेशिका श्रीमति पूनम सिंह ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय प्रत्येक बच्चे की अद्वितीय क्षमता को निखारने के लिए समर्पित है।

# पीएम श्री स्वामी आत्मानन्द अंग्रेज़ी मा. विद्यालय जैजैपुर में और मशीन लर्निंग का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**जैजैपुर** । पीएम श्री स्वामी आत्मानन्द अंग्रेज़ी मा. विद्यालय जैजैपुर में आधुनिक विज्ञान युग में एआई का महत्व एवं भविष्य में एआई के उपयोगिता के संबंध में NIELIT के तत्वाधान में पाँच दिवसीय इंटर्नशिप प्रशिक्षण संपन्न हुआ 7 इस प्रशिक्षण में बच्चों ने एआई को जाना समझा और भविष्य में एआई की भूमिका क्या होगी इस विषय पर महत्वपूर्ण तथ्यों को सारगर्भित रूप से आत्मसात किया। आज कोई भी काम एआई के द्वारा पल भर में कैसे हो जाता है, जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में, कला एवं साहित्य में, चिकित्सा एवं अभियांत्रिकी जैसे क्षेत्रों में एआई का योगदान एवं स्वरूप समझा। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण के रूप में भरत लाल(सहा. प्रा.) एवं गायत्री यादव ने अहम भूमिका निभाई। शाला विकास समिति के अध्यक्ष सचिन कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं शाला के प्राचार्य मनमेल लकड़ा, प्रेमलता टंडन, रामचंद्र देवांगन, रेणुका सिंह रात्रे, दीपारानी रत्नाकर, पायल अग्रवाल, अजय रॉय, हमेंद्र चंद्रा, शरद कुमार सिंह , राजकिशोर चंद्रम, संगीता पैंकरा, कल्पना तिवारी, अजमत सफूरा, देवकुमारी चन्द्रा, सोनिया रजक, दीपांशा अग्रवाल, सोनल दिग्रस्कर, अमन गबेल एवं अन्य शिक्षक शिक्षकाओं के द्वारा बधाई दी गई।

# विद्वान न्यायाधीश ने दुष्कर्म के आरोपियों को सुनाई सश्रम कारावास की सजा

**रामानुजगंज।** फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय पास्को की अदालत में तीन आरोपियों को 20-20 वर्ष की सश्रम कारावास के साथ 20-20 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाई गई है अर्थ दंड नहीं जमा करने के स्थिति में तीन-तीन वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलरामपुर रामानुजगंज जिले के रघुनाथ नगर थाने में नाबालिक से दुष्कर्म करने का मामला बताया जा रहा है। 24 फरवरी 2023 को नाबालिग के परिजनों की शिकायत पर अपराध दर्ज किया गया था। रिश्ते के मामा महेंद्र खैरवार ने विवाह का झांसा देकर नाबालिग को अपने घर पर रखा। इस दौरान महेंद्र और उसके साथी ठाकुरदास ने लगभग दो सप्ताह तक नाबालिग से लगातार दुष्कर्म करते रहे। महेंद्र की पत्नी कबिलासो पीड़िता को आरोपियों के साथ रहने के लिए मजबूर करती थी और पैसे का लालच भी देती थी। साथ ही पीड़िता को दिन में जंगल में छुपाकर



रखा जाता था और रात में घर लाया जाता था। परिवारजन इस दौरान समझ रहे थे कि बच्ची अपने नानी के घर है। बाद में पीड़िता ने परिजनों को पूरी घटना बताई मामला पुलिस के पास आने के बाद पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 366,368, 370,376 मामला दर्ज कर विवेचना पूर्ण कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद सुनवाई हेतु न्यायालय में पेश किया गया। सुनवाई के दौरान विद्वान न्यायाधीश ने महेंद्र खैरवार 36 वर्ष,उसकी पत्नी कबिलासो 33 वर्ष,ठाकुरदास कुशवाहा 36 वर्ष को दोषी मानते हुए सजा सुनाई गई।

# वि.ख. स्तरीय ''सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा'' पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**जैजैपुर** । विकासखण्ड जैजैपुर में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण सक्ती के मार्गदर्शन में विकासखण्ड स्तरीय ''सड़क सुरक्षा-जीवन'' रक्षा पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक पीएम सेजेस जैजैपुर में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में विकासखण्ड जैजैपुर के हाई-हायर सेकेण्डरी विद्यालयों से 15 अगस्त को आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता से चयनित छात्र-छात्राएं विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रत्येक विद्यालय से एक दल जिसमें अधिकतम संख्या 8-10 रही प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु शामिल हुए। प्रत्येक दल को 10-10 मिनट का समय दिया गया। जिसमें विषयवस्तु तर्क वितर्क पक्ष विपक्ष सड़क सुरक्षा के उपर वाद विवाद करना था। इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी वर्षारानी चिकनजुरी, जनपद पंचायत जैजैपुर के द्वारा किया गया। विकास खण्ड परियोजना अधिकारी रामकुमार साहू ने कार्यक्रम का रुपरेखा तैयार कर कार्यक्रम को दिशा प्रदान किया। इस प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा के





संबंध में वाद विवाद करना था। जिसके निर्णायक गण विजय सिदार, वि.ख.शिक्षा अधिकारी जैजैपुर, धरणीधर चन्द्रा, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा जैजैपुर, मनमेल लकड़ा, प्राचार्य पीएम सेजेस जैजैपुर, आत्माराम साहू, स्थानीय वरिष्ठ नागरिक , सुखराम चन्द्रा, स्थानीय वरिष्ठ नागरिक , जी.एस. राजपूत, थाना प्रभारी जैजैपुर, गीता सायतोड़ा, वरिष्ठ शिक्षिका रहे। निर्णायकगण द्वारा निर्णय पश्चात प्रथम स्थान पीएम श्री सेजेस जैजैपुर, द्वितीय स्थान सेजेस हसौद, तृतीय स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचंदा ने प्राप्त किया यह तीनों दल आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सक्ती जाएंगे। इसी क्रम में सांत्वना पुरुस्कार पुरुस्कार प्राप्त करने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेण्ड्री, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैजैपुर रहे। चयनित प्रतिभागियों की सूची जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण सक्ती को भेजी गयी जहां से पुरुस्कार की राशि विद्यार्थियों के खातों में आरटीजीएस के माध्यम से भेजी जाएगी।

# बम्हनीडीह -बिर्रा मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आए चार गौवंश, चारों की दर्दनाक मौत



**बम्हनीडीह।** बम्हनीडीह से बिर्रा मार्ग पर सड़क हादसे में चार गौवंश अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक गौवंश का सिर धड़ से अलग हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में गुस्सा फैल गया और गौ सेवकों ने इसकी कड़ी निंदा की । सुबह-सुबह हुए इस हादसे से राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। अज्ञात वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि गौवंशों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। मौके पर खून से सड़क लाल हो गई और लोग घटना देखकर स्तब्ध रह गए।

**गौ सेवकों में आक्रोश, विश्वास गौ सेवा संस्थान की पहल**-गौवंश की दर्दनाक मौत की खबर फैलते ही गांव में विश्वास गौ सेवा संस्था के सभी गौ सेवक मौके पर पहुंचे ।

उनका कहना है कि प्रशासन को ऐसे वाहन चालकों पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए जो लापरवाही से निर्दोष पशुओं की जान ले रहे हैं। घटना के बाद विश्वास गौ सेवा संस्थान के संस्थापक विश्वास सराफ अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृत गौवंश का विधिपूर्वक अंतिम संस्कार किया। साथ ही घायल पशुओं की देखभाल और इलाज की व्यवस्था कराई, एवं लगातार निस्वार्थ भाव से गौ वंशों की दिन रात सेवा कर रहे हैं तथा गौ सेवा संस्था बम्हनीडीह में रखकर असहाय, दुर्घटनाकष्ट गौ वंशों का बिल्कुल निःशुल्क उपचार करते हैं, एवं गौ माता कि सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं, इसमें सोनू पटेल, चितरंजन ठाकुर, देवांश, संस्कार, नरेंद्र, शुभम, रुद्रा, अजय पटेल, अरुण, धनंजय, रोशन, बनवारी पटेल, विजय पटेल उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्ति पश्चात जनपद पंचायत के कर्मचारियों को पेंशन के लाभ से वंचित

# विभिन्न लंबित मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया गया

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ राज्य पंचायत अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने, फेडरेशन की विभिन्न मांगों के संबंध में, ज्ञापन पंचायत संचनालय में संचालक प्रियंका ऋषि महोबिया पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह, विभाग की प्रमुख सचिव डॉक्टर निहारिका बारिक सिंह को मंत्रालय रायपुर में तथा छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा को कबीर धाम जिला मुख्यलय में, उनके कार्यलय में मिलकर, विभिन्न लंबित मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया गया। छत्तीसगढ़ राज्य पंचायत अधिकारी कर्मचारी संघ फेडरेशन के संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने संबंधित जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों को यह अवगत कराया गया कि ,पंचायत विभाग का आज दिनांक तक विभागीय सेट अप तैयार नहीं हुआ है विभाग के अधिकारी कर्मचारी करारोपण




अधिकारी जिन पदों पर नियुक्त हुए हैं, 32 से 35 वर्ष की शासकीय सेवा करने के पश्चात भी, उन्हें विभागीय उच्च पद पर पदोन्नति प्राप्त नहीं हुई है, जिसका प्रमुख कारण पंचायत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का विभाग का सेटअप, आज तक तैयार नहीं किया जाना प्रमुख कारण है, साथ ही साथ पंचायत विभाग के सबसे निचले क्रम के, सभी विभागों के शासकीय कार्यों को पंचायत स्तर पर क्रियान्वयन करने वाले, पंचायत सचिवों को 25 से 30 साल तक की सेवा करने के पश्चात भी, शासकीय कारण नहीं किया गया है, जिससे अपने भविष्य के प्रति तथा परिवार के प्रति, उनमें गहरी निराशा है, साथ ही साथ ग्राम रोजगार सहायक साथियों को विभागीय पंचायत पंचायत सचिवों के पदों पर नियुक्ति हेतु 30 अंक विभागीय कर्मचारी एवं विभागीय कार्यों के ज्ञान एवं निरंतर सेवा करने के कारण उन्हें अलग से लाभ देने का प्रावधान किया गया था, परंतु अब ग्राम रोजगार सहायकों को 30 अंक के स्थान पर, 05अंक का प्रावधान किया गया है जिसके कारण विभाग की परीक्षा में सचिव के रूप में नियुक्ति हो पाने में, कठिन दिख रही है, जिसके कारण उन्हें भी शासन के इस निर्णय से घोर निराशा है जनपद पंचायत में 62 वर्ष तक की सेवा करने के पश्चात भी सेवानिवृत्ति पश्चात जनपद पंचायत के कर्मचारियों को पेंशन के लाभ से वंचित है, जिसके कारण कर्मचारी एवं उनके परिवार आर्थिक कठिनाई से जूझ रहे हैं । इन्हीं प्रमुख मांगों के संबंध में शासन के विभागीय अधिकारियों को एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मुखिया छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा से मिलकर अवगत कराया गया। जिसमें सभी विभागीय अधिकारियों एवं मंत्री ने लंबित प्रमुख मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए, नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु अस्वस्थ किया गया प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष तुलसीराम साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश मिश्रा, बस्तर संभाग से रोजगार सहायक संघ के अध्यक्ष, पंचायत सचिव संघ के कई जिला अध्यक्ष ,जनपद पंचायत कर्मचारी संघ से सदस्य सम्मिलित रहे।

# जन-सेवा ही संकल्प: रेणुका सिंह



**मनेंद्रगढ़।** विधायक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह के निर्देश पर क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों को लगातार सहयोग पहुँचाया जा रहा है। आज नगर पंचायत खोंगापानी एवं नई लेदरी के जरूरतमंद परिवारजनों को स्वेच्छानुदान की राशि प्रदान की गई। वहीं आगे केल्हारी एवं जनकपुर में भी अनुदान राशि वितरित की जाएगी। रेणुका सिंह ने कहा- मैं अपने क्षेत्रवासियों के हर सुख-दुख में शामिल हूँ। मुझे आमजनों की चिंता हमेशा रहती है और मेरा प्रयास यही रहेगा कि उनके लिए कुछ बेहतर कर सकूँ। प्रदेश सरकार की यही मंशा है कि- हर जरूरतमंद तक समय पर सहयोग पहुँचे और कोई भी परिवार अकेला महसूस न करे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सुशासन की सरकार इस संकल्प को धरातल पर उतार रही है। इस अवसर पर नगर पंचायत नई लेदरी के अध्यक्ष वीरेंद्र राणा, हसदेव मंडल अध्यक्ष बबीता सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



30 की उम्र में अक्सर शरीर के अंगों के कामकाज की रफ्तार धीमी होने लगती है। ऐसे में जरूरी है कि महिलाएं अपनी सेहत का खास ख्याल रखें।

# 30 की उम्र में इन न्यूट्रिएंट्स से करें दोस्ती, बुढ़ापे में नहीं होगी परेशान

30 साल के बाद हर किसी का शरीर एक्स्ट्रा केयर खोजता है। खासकर महिलाओं को इसकी ज्यादा जरूरत होती है। इस उम्र में अक्सर शरीर के अंगों के कामकाज की रफ्तार धीमी होने लगती है। ऐसे में जरूरी है कि महिलाएं अपनी सेहत का खास ख्याल रखें। आज हम आपको एक्सपर्ट की बताएं उन पांच न्यूट्रिएंट्स की जानकारी दे रहे हैं, जिसे हर महिला को अपने डाइट का हिस्सा बनना चाहिए।

## विटामिन डी

महिलाओं को अपनी डाइट में विटामिन डी युक्त खाद्य पदार्थों को जरूर शामिल करना चाहिए। यह एक मास्टर न्यूट्रिएंट्स होता है, जो आप के हार्मोनल बैलेंस को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अलावा यह मूड बूस्टर की तरह काम करता है और इम्यूनिटी मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विटामिन डी की कमी आप दूध, मशरूम, सेलमन मछली का सेवन करके पूरा कर सकते हैं।

## आयरन

आयरन युक्त खाद्य पदार्थों को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। खासकर आप वर्किंग वुमन हैं और आप बहुत जल्दी थकान और कमजोरी महसूस करती हैं यह एक परफेक्ट एनर्जी बूस्टर की तरह काम करता है। इससे शरीर में खून की कमी नहीं होती है और एनीमिया जैसी बीमारी की चपेट में आने से आप बच सकती हैं। इसके लिए आप नट्स, सीड्स, पालक ब्रोकली, अनार का सेवन कर सकती हैं।

## ओमेगा 3 फैटी एसिड

हार्ट और ब्रेन हेल्थ को बरकरार रखने के लिए महिलाओं को ओमेगा 3 फैटी एसिड युक्त खाद्य पदार्थों को भी डाइट में शामिल करना चाहिए। यह इन्फ्लेमेशन से भी लड़ने में मदद करता है और आपको क्रॉनिक बीमारियों के खतरे से बचाता है। इसके लिए आप चिया सीड्स,दूध, सी फूड का सेवन कर सकती हैं।

## कैल्शियम

कैल्शियम भी एक बहुत ही जरूरी न्यूट्रिएंट्स है। यह न सिर्फ हड्डियों को मजबूती देता है बल्कि ओवर ऑल स्ट्रैंथ के लिए जिम्मेदार होता है। इससे मसल्स का फंक्शन भी सही होता है और नर्व भी ठीक प्रकार से फंक्शन करता है। इसकी कमी को पूरा करने के लिए डेयरी प्रोडक्ट्स को डाइट में शामिल करना चाहिए।

## फोलेट

फोलेट भी बहुत ही जरूरी न्यूट्रिएंट्स में से एक है। खासकर जो महिलाएं मां बनने वाली हैं, उन्हें अपनी डाइट में इसे जरूर शामिल करना चाहिए। इससे रेड ब्लड सेल्स बूस्ट होता है और खून की कमी नहीं होती। इसके लिए चिकपी, ब्रोकली, नट्स का सेवन करना चाहिए।





# सेहतमंद रहने के लिए इन बातों पर दें ध्यान

**कई बार हम अंदर ही अंदर घुटते रहते हैं, जिसका असर मेंटल ही नहीं फिजिकल हेल्थ पर भी होता है। एक्सपर्ट की बताई कुछ खास बातों का ख्याल रखकर आप खुद को सेहतमंद रख सकती हैं।**

भागदौड़ से भरी इस जिंदगी में भला कौन तनाव से परेशान नहीं है। सभी को किसी न किसी बात का स्ट्रेस तो है ही। जिंदगी की मुश्किलों को हल करते हुए अक्सर हम खुद की परवाह करना भूल जाते हैं। अपनी सेहत को लेकर लापरवाह हो जाते हैं। लेकिन असल में सेहतमंद रहने के लिए सही खान-पान, एक्सरसाइज और हेल्दी रूटीन के अलावा भी कई चीजें जरूरी हैं। जब हम मानसिक तौर पर परेशान होते हैं, अपने दिल की बात कह नहीं पाते हैं या फिर ओवरथिंकिग करते हैं, तो इसका असर हमारी ओवरऑल हेल्थ पर होता है। इसलिए, खुद को खुश रखने पर और खुद की परवाह करने पर ध्यान देना चाहिए। सेहतमंद रहने के लिए कुछ बातों पर जरूर ध्यान दें।

## सोशल एक्टिविटी पर ध्यान दें

अक्सर हम जिंदगी की भागदौड़ में इतना उलझ जाते हैं कि उन चीजों पर ध्यान नहीं दे पाते हैं जो असल में हमारे लिए जरूरी हैं। रोजमर्रा के कामकाज के बीच हर हफ्ते कम से कम एक घंटा आपको किसी सोशल एक्टिविटी से लिए निकालना चाहिए। अपने दोस्तों से मिलें, बाहर जाएं या फिर कुछ भी ऐसा करें जो आपको पसंद हो। इसका मेंटल हेल्थ पर पॉजिटिव असर होता है।

## सेल्फ केयर पर ध्यान दें

इस बात को समझना जरूरी है कि आप अपने अपनों के लिए भी कुछ तभी कर पाएंगे तब आप खुद हेल्दी होंगे। इसलिए, अपनी परवाह करें। खान-पान को नजरअंदाज न करें। हेल्दी डाइट लें, खुलकर अपने बारे में बात करें और एक हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करें। अगर शरीर में किसी तरह की परेशानी महसूस हो, तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।

## ब्रेक भी है जरूरी

जिंदगी की भागदौड़ से अगर आप थक गए हैं और आपके स्वास्थ्य पर इसका असर पड़ रहा है, तो इसे समझें। रोजमर्रा की जिंदगी के थोड़ा ब्रेक भी जरूरी है। ब्रेक में हेल्दी एक्टिविटी जैसे योगा, ब्रिस्क वॉकिंगह, रीडिंग या फिर कुछ भी और करें, जिससे आपकी सेहत पर अच्छा असर हो।





# हार्मोनल इंबैलेंस दूर करने के लिए महिलाएं डाइट में शामिल करें ये चीजें

**महिलाओं के शरीर में एस्ट्रोजन जैसे कई हार्मोन्स का सही संतुलन होना जरूरी है। हार्मोनल इंबैलेंस दूर करने के लिए कुछ खास चीजों को डाइट में लेना और हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करना जरूरी है।**

हार्मोनल बैलेंस का सीधा असर हमारी सेहत पर होता है। अगर शरीर में हार्मोन्स बैलैंस नहीं हैं, तो इससे हमारी पूरी सेहत प्रभावित होती है। शरीर के सही तरह से फंक्शन करने के लिए हार्मोन्स का लेवल सही होना जरूरी है। खासकर, महिलाओं के शरीर में अगर हार्मोन्स ऊपर-नीचे होते हैं, तो इससे महिलाओं की फर्टिलिटी, डाइजेशन, वजन और मूड समेत कई चीजें प्रभावित होती हैं। महिलाओं की हार्मोनल हेल्थ के लिए एस्ट्रोजन हार्मोन का सही लेवल जरूरी है। कुछ फूड्स इसे मैनेज करने में खास भूमिका निभाते हैं। इन्हें महिलाओं को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। इस बारे में डाइटिशियन राधिका गोयल जानकारी दे रही हैं। राधिका सर्टिफाइड डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट हैं।

## फाइबर रिच फूड्स

फाइबर रिच फूड्स शरीर में एस्ट्रोजन के लेवल को बैलेंस करने में मदद करते हैं। ये शरीर से अतिरिक्त एस्ट्रोजन को बाहर निकालने के लिए जरूरी होते हैं। एस्ट्रोजन की अधिक मात्रा शरीर के कई फंक्शन्स पर असर डाल सकती हैं। ऐसे में फाइबर रिच फूड्स को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

## क्रूसिफेरस वेजिटेबल्स

ब्रोकली, पत्तागोभी और फूलगोभी जैसी क्रूसिफेरस सब्जियां भी शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन को बैलेंल करने के लिए जरूरी हैं। इन सब्जियों में कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो एस्ट्रोजन मेटाबॉलिज्म और बैलेंस के लिए जरूरी होते हैं।

## हेल्दी फैट्स

शरीर को सेहतमंद बनाए रखने के लिए हेल्दी फैट्स जरूरी हैं। हेल्दी फैट्स जैसे एवाकाडो, फैटी फिश और नट्स को डाइट में शामिल करें। इससे हार्मोनल बैलेंस में मदद मिलती है।


## फ्लैक्स सीड्स

फ्लैक्स सीड्स में लिग्नांस होते हैं और कई ऐसे गुण पाए जाते हैं जो एस्ट्रोजन लेवल को रेगुलेट करने में मदद करते हैं। इन्हें आप कई तरह से डाइट में शामिल कर सकती हैं। इनकी चटनी (अलसी के बीज की चटनी), रोटी और रोस्टेड सीड्स भी फायदेमंद होते हैं।

## चिया सीड्स

फ्लैक्स सीड्स की तरह चिया सीड्स में भी लिग्नांस और फाइबर होता है। ये भी हेल्दी एस्ट्रोजन मेटाबॉलिज्म को सपोर्ट करते हैं। इन्हें भिगोकर डाइट में शामिल करें। इससे वजन भी कंट्रोल में रहता है।





# बच्चे भी हो जाते हैं एनीमिया के शिकार, ये लक्षण आते हैं नजर

एनीमिया एक ऐसी समस्या है जिसमें शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या में कमी हो जाती है। यानी शरीर में खून की कमी हो जाती है। लाल रक्त कोशिकाओं में हीमोग्लोबिन होता है, यह एक ऐसा प्रोटीन होता है जो फेफड़ों से ऑक्सीजन ले जाने और शरीर के सभी भागों में पहुंचाने में सक्षम बनाता है। जब शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं की कमी हो जाती है तो रक्त ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति नहीं कर पता है। यह ज्यादातर महिलाओं में देखने को मिलता है लेकिन बच्चे भी इसके शिकार हो जाते हैं। आज हम जानेंगे कि बच्चों में एनीमिया होने पर क्या लक्षण नजर आते हैं।

- अगर आपका बच्चा थोड़ी देर ही खेलने के बाद थक जाता है तो यह एनीमिया के सबसे आम लक्षणों में से एक।
- खून की कमी के कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर होने लगती है जिससे बच्चा बार-बार बीमार पड़ता है।
- एनीमिया के चलते बच्चों में चिड़चिड़ापन और बेचैनी भी देखने को मिलता है।
- सीढ़ियां चढ़ने बाद बच्चे का सांस फूलने लगना या सांस लेने में दिक्कत हो तो यह भी एनीमिया के लक्षण हो सकते हैं। खून की कमी के कारण ऑक्सीजन की सप्लाई नहीं हो पाती है।
- बार-बार बच्चा सिर में दर्द और चक्कर की शिकायत करता है तो भी ये एनीमिया के लक्षण हो सकते हैं।
- त्वचा और आंखों का पीला पड़ना भी एनीमिया के लक्षण हो सकते हैं।
- कई बार हार्ट रेट भी बढ़ जाता है और शरीर का तापमान भी गिरने लगता है।
- यह भी पढ़ें-हार्ट अटैक आने के 15 मिनट के अंदर कर लें उपाय, बच सकती है मरीज की जान

## ऐसे करें बचाव

- ऐसे कोई भी लक्षण आपके बच्चे में नजर आते हैं तो तुरंत ही डॉक्टर से चेकअप करवाएं और डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाई का सेवन करवाएं।
- इसके अलावा आप हरी सब्जियां,दाल, नॉन वेजिटेरियन फूड भी बच्चे को खिला सकते हैं। इससे भी शरीर में रेड ब्लड सेल्स बढ़ते हैं।
- विटामिन सी से भरपूर नींबू, संतरा, कीनू, कीवी, स्ट्रॉबेरी जैसे पौष्टिक फलों को डाइट का हिस्सा बनाएं। इससे भी शरीर आयरन को तेजी से अब्जॉर्ब कर पाता है।

# सेहत को कमाल के फायदे पहुंचाती है अमरूद की चटनी



अमरूद एक ऐसा फल है जो सभी को पसंद आता है। नमक और मिर्च लगाकर अमरूद खाने का जो मजा है वह शायद ही किसी और फल को खाने में आता होगा। कुछ लोग अमरूद साबुत कहते हैं तो कुछ इसकी जेली बनाकर खाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी अमरूद की चटनी खाई है? जी हां अमरूद की चटनी खाने में तो स्वादिष्ट लगती ही है, इससे सेहत को भी खूब लाभ पहुंचता है। आइए जानते हैं इस बारे में डाइटिशियन लवनीत बत्रा से।

## अमरूद की चटनी खाने के फायदे

- अमरूद में मौजूद पोषक तत्वों की बात करें, तो इसमें मैंगनीज, पोटैशियम, विटामिन- सी, मिनरल, लाइकोपीन फाइबर होते हैं। वहीं, जब इसकी चटनी बनाई जाती है, तो इसमें और भी कई तरह के इंग्रीडिएंट को शामिल किए जाते हैं, जिससे इसका फायदा दोगुना हो सकता है।
- अमरूद की चटनी का सेवन करने से डायबिटीज के मरीजों को फायदा हो सकता है। दरअसल, इसमें फाइबर की अच्छी मात्रा होती है।, इसकी वजह से यह ब्लड शुगर को रेगुलेट करने में मदद करता है। इससे शुगर स्पाइक नहीं होता है।
- अमरूद में पोटैशियम भी होता है जो कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करके हार्ट हेल्थ को फायदा पहुंचा सकता है।
- इसके अलावा, इस चटनी का सेवन करने से पाचन दुरुस्त होता है। इसमें मौजूद फाइबर पाचन- तंत्र को बूस्ट करता है, जिससे कब्ज और, एसिडिटी जैसी परेशानी नहीं होती है।
- इसमें भरपूर विटामिन- सी होता है, जिससे आपकी इम्यूनिटी मजबूत बनती है। इससे आपकी ओवरऑल हेल्थ को फायदा पहुंचता है। वहीं, इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल से लड़ने में मदद करते हैं, जिससे कई तरह की क्रॉनिक बीमारियों का खतरा कम होता है।

# क्या आप भी डेंटल फ्लॉस का इस्तेमाल करते हैं? जान लें नुकसान

दांत साफ हो तो आपकी मुस्कान और भी ज्यादा खूबसूरत लगती है। इसलिए जरूरी है कि दांतों को सही तरीके से साफ किया जाए। ओरल हेल्थ न सिर्फ दांतों को सड़न से बचाता है बल्कि ओवरऑल हेल्थ को फायदा पहुंचता है। यही वजह है कि अक्सर डॉक्टर डेंटल फ्लॉस इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं, जिससे दांतों के बीच फंसे भोजन आराम से निकल जाता है। लेकिन कुछ लोगों का मानना है कि डेंटल फ्लॉस के कुछ नुकसान भी हैं। आइए इस बारे में डेंटल डॉक्टर तलबिया खान से जानते हैं।

## क्या होता है डेंटल फ्लॉस

डेंटल फ्लॉस एक काफी पतला सिंथेटिक धागा होता है जिसे दांतों के बीच में घुसाकर दांतों के बीच फंसी गंदगी को हटाया जा सकता है। कई बार कुछ ऐसा खाते हैं जो दांतों के बीच में फंस जाता है और इसके कारण बैक्टीरिया पैदा होते हैं। इससे मुंह में स्मेल और सड़न जैसी दिक्कत होती है। वहीं डेंटल फ्लॉस इस्तेमाल करने से दांतों में प्लाक जमा नहीं होते हैं। एक्सपर्ट की माने तो डेंटल फ्लॉस से फायदा और नुकसान दोनों हो सकता है। यह पूरी तरह से इस बात पर डिपेंड करता है कि आप किस तरह का फ्लॉस इस्तेमाल करते हैं। दरअसल कुछ ऐसे डेंटल फ्लॉस होते हैं जो टॉक्सिक केमिकल टेफ्लॉन से बनाए जाते है। जब शरीर के अंदर यह केमिकल जाते हैं तब थायराइड जैसी समस्या हो सकती है हार्मोन असंतुलन हो सकता है। वहीं कुछ फ्लॉस में फ्रेगनेंस होता है। यह सिंथेटिक खुशबू होती है। इनमें भी कई तरह के केमिकल पाए जाते हैं जिससे शरीर के अंदर गड़बड़ी हो सकती है। वहीं जो लोग दिन भर में एक बार से ज्यादा फ्लॉसिंग करते हैं उनके मसूड़े की टिशू डैमेज हो सकती है। इसके अलावा दांतों के बीच स्पेस भी बढ़ सकता है।

## फ्लॉसिंग का सही तरीका

- एक्सपर्ट कहती हैं कि ओरल हेल्थ के लिए फ्लॉसिंग जरूरी है लेकिन आप जब भी फ्लॉस स्टिक का चुनाव करें तो ध्यान रहे कि यह केमिकल फ्री होना चाहिए।
- वहीं अक्सर लोग फ्लॉसिंग बहुत तेज कर लेते हैं इसकी वजह से मसूड़ों से खून आने लगता है जो कि कई तरह की समस्या पैदा कर सकता है इसलिए जब भी फ्लॉसिंग करें हल्के हाथों से फ्लॉसिंग करें।



# पोला पर्व पर ऐसा कृत्य : नंदी की मौत, ट्रैक्टर से घसीटकर ले गए कर्मचारी, अधिकारी बोले...गली में जेसीबी नहीं जा सकती

## संस्कारधानी में बैल की मौत के बाद नगर निगम की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में

- नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी बाकायदा अपना तर्क भी दे रहे



**राजनांदगांव।** पोला का पर्व मनाया गया और शहर के ब्राम्हणपारा वार्ड में नंदी (बैल) की मौत के बाद उसके शव को दुर्व्यवहार करते हुए ले जाने का मामला सामने आया। इसे लेकर नगर निगम की कार्यप्रणाली को लेकर बड़ा सवाल उठ रहा है। हर वर्ग के लोग भी सोशल मीडिया पर इसकी कड़ी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। जिस दिन बैल की पूजा की जाती है, उस दिन इस तरह के कृत्य को लेकर लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ब्राम्हणपारा में देर रात एक बैल की मौत हो गई। सुबह इसकी सूचना नगर निगम के जिम्मेदारों को दी गई। इसके बाद सुबह तकरीबन साढ़े 10 बजे नगर निगम की टीम वहां पहुंची। टीम अपने साथ वाहन के तौर पर ट्रैक्टर लेकर पहुंची थी। गली का इलाका होने के कारण ट्रैक्टर से बैल के शव को रस्सी के सहारे बांधा गया और कर्मचारी उसे घसीटते हुए ले जाने लगे। कुछ दूर ही ले जाया गया, उसके बाद मोहल्ले के लोगों ने इसका विरोध किया। इस तरह बैल को घसीटकर ले जाने के कारण लोगों में काफी गुस्सा देखने को मिला। सुबह साढ़े 10 बजे बैल के शव को ले जाने का काम शुरू किया। कुछ समय ही हुआ था कि नगर निम के कर्मचारी जिस ढंग से उसे ले जा रहे थे, उसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। इस घटना को लेकर लोगों की प्रतिक्रिया भी आनी शुरू हो गई।

### नगर निगम की ओर से ऐसी प्रतिक्रिया

दोपहर से लेकर देर शाम तक बैल के शव को घसीटकर ले जाने का वीडियो लोगों के मोबाइल पर चलता रहा। इसके बाद पूरी जानकारी नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों तक भी पहुंची। इसे लेकर नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी राजेश मिश्रा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि रामायण समिति गली के भीतर बैल मरे होने की सूचना दी गई। आसपास रोड सकरी है, इस कारण जेसीबी मशीन नहीं जा सकी। आसपास के लोगों ने भी बैल को उठाने में मदद नहीं की। किसी भी तरह से बैल के शव को रोड तक लाना था, इस कारण ट्रैक्टर के सहारे लाया जा रहा था।

### निगम प्रशासन से किया नोटिस जारी

बताया गया कि बैल की मौत के बाद उसका अंतिम निष्पादन विधिवत नहीं किए जाने को लेकर नगर निगम स्वास्थ्य विभाग ने सफाई दरोगा शुभम साहु, वार्ड प्रभारी अख्तर अली और सफाई कमचारी सुरेश और मंगतु को नोटिस जारी किया गया है। दो दिनों के भीतर इस पर जवाब मांगा गया है।

# तीजा के पहले महिला सफाईकर्मियों और स्वच्छता दीदियों को दी गई साड़ियां

## महापौर, निगम अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष और आयुक्त की उपस्थिति में वितरण हुआ



**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा सफाई कर्मियों एवं स्वच्छता दीदियों को समय समय पर वर्दी, साड़ी, रैन कोट के अलावा अन्य सुरक्षागत सामग्री का वितरण किया जाता है। इसी कडी में तीजा त्योहार के पूर्व महापौर मधुसूदन यादव एवं आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के अलावा महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों व पार्षदों की उपस्थिति में नगर निगम के महिला सफाई कर्मियों तथा स्वच्छता दीदियों को साड़ी का वितरण किया। महापौर यादव ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ के पारंपरिक त्योहार तीजा के पूर्व आज महिला सफाई कर्मियों तथा स्वच्छता दीदियों को साड़ी का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे सफाई कर्मी नगर निगम की प्रमुख कडी है, इनके कारण ही हमारा शहर स्वच्छ एवं साफ रहता है, और हम स्वच्छ वातारण में निवास करते है। उन्होंने कहा कि आप लोगो की मेहनत से ही इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में गत वर्ष प्राप्त 79 से 65 छलांग मार इस वर्ष 14वॉ स्थान प्राप्त किए, आप सब इसी प्रकार मेहनत करे जिससे आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप 10 में स्थान मिल सके। उन्होंने सभी महिला सफाई कर्मियों तथा स्वच्छता दीदियों को तीज पर्व की बधाई देते हुये, उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि हमारे सफाई मित्रों एवं स्वच्छता दीदियों के सफाई कार्य को देखते हुए इनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर इन्हें साड़ी, वर्दी, रैन कोट, बूट तथा अन्य सुरक्षा के सामग्री का वितरण नगर निगम द्वारा समय समय पर किया जाता है, ताकि ये अपने दायित्वों का बिना कोई परेशानी के कुशलता पूर्वक निर्वहन कर सके।

# त्यौहार पूर्व सजने लगता है मिट्टी बैल एवं मिट्टी से बने समनों का बाजार



**मुंगेली ।** छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहारों की शुरूआत हरियाली अमावस्या के साथ ही प्रारंभ हो जाता है, छत्तीसगढ का प्रमुख पारंपरिक त्यौवहारो में तीजा पोला प्रमुख है। भाद्रपक्ष अमावश्या को मनाये जाने वाले इस त्यौवहार का ग्रामीण अंचलो में विशेष महत्व रहता है। इस दिन किसान अपने बैलो की पूजा कर पारंपरिक छत्तीसगढी पकवानों का प्रसाद चढाते है। इसके साथ ही इस दिन खेती में प्रयुक्त होने वाले नागर की भी पूजा पाठ अगले वर्ष के लिए रख दिया जाता है। तदउपरांत बच्चे मिट्टी के बने पोरहा, जतवा, बैल, आदि से खेलते है।

त्यौहार पूर्व सजने लगता है मिट्टी बैल एवं मिट्टी से बने समनो का बाजार – गोल बाजार पडाव चैक और दाउपारा में सजने लगे है, कुम्भकार हरीश कुंभकार ने बताया कि बीते वर्ष की तुलना में इस बार बाजार में उतना उत्साह नजर आया है, लोग त्यौवहार के दो तीन दिनों पूर्व ही खरीदारी करने लगे थे। पोला के तीन दिनों बाद तीजा एवं उसके दुसरे दिन गणेश चतुर्थी की शुरूवात होगी। जिसको लेकर बच्चो में उत्साह दिखने लगा है, जहां आने वाली 23 तारीख को पोला है, उसके बाद 26 अगस्त को तीजा एवं 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी का पर्व है तीजा का त्यौवहार महिलाए अपने मायके मे मनाती है, इस दिन महिलाए निर्जला व्रत्र रख कर अपने पति की लंबी उम्र की प्रार्थना करती है। एवं दिन पूर्व रात्रि 12 से व्रत्र के दिन रात्रि 12 बजे तक यह उपवास चलता है। शिव पार्वती की पूजा कर महिलाएं अपने व्रत्र का समापन करती है।

# पारस पटेल उपनिरीक्षक से निरीक्षक के पद पर हुए पदोन्नत

- पदोन्नत हुए पारस पटेल को पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप द्वारा स्टार लगाया गया



**जांजगीर चांपा।** पुलिस मुख्यालय रायपुर स्थापना बोर्ड के मुताबिक उपनिरीक्षक पारस पटेल थाना प्रभारी मुलमुला उपनिरीक्षक को उप निरीक्षक से निरीक्षक् के पद पर पदोन्नत कियें जाने पर पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा स्टार लगाकर बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी आप को बता दें की पारस पटेल ने जांजगीर चांपा जिले के पदस्थापना से ही बड़े बड़े अपराध पर रोक लगाने में पुलिस की अहम भूमिका निभाई है निरीक्षक पारस पटेल जांजगीर चांपा जिले के साइबर सेल प्रभारी नवागढ़ थाना प्रभारी के रूप में कार्य कर चुके है वर्तमान में निरीक्षक पारस पटेल मुलमुला थाना प्रभारी के रूप में कार्य रथ है उनके उप निरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर पुलिस विभाग के आला अधिकारियों के साथ परिजनों और दोस्तों ने उनको बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## रजत जयंती वर्ष : महतारी मेगा हेल्थ कैम्प का हुआ आयोजन

**मुंगेली।** रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार विभागों को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तारतम्य में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल सामुदायिक भवन में रजत जयंती वर्ष अंतर्गत मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में गर्भवती, शिशुवती महिलाओं, बच्चों एवं उपस्थित हितग्राहियों तथा परियोजना अधिकारी मुंगेली 01 एवं 02 एवं सेक्टर पर्यवेक्षकों के साथ-साथ लगभग 135 महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराया गया। जांच उपरांत सभी को निःशुल्क दवाई वितरण किया गया।

# सीसीटीवी को डिस्कनेक्ट कर ज्वेलरी दुकान में की चोरी

### पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

### लाखों रुपए के जेवरात हुए बरामद



**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने शातिर चोरों के गिरोह को गिरफ्तार करने में सफ्लता हासिल की है इस गिरोह में चार सदस्य शामिल हैं जो देहात क्षेत्र की दुकानों की रेकी कर योजनाबद्ध तरीके से चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे। आरोपियों ने नंदिनी थाना क्षेत्र स्थित मां दुर्गा ज्वैलर्स और भावना ज्वेलर्स में रेकी कर आभूषणों की चोरी की थी आरोपियों ने चोरी करने के पूर्व सीसीटीवी कैमरे को डिस्कनेक्ट कर दिया था और दुकान के शटर को सबल से उखाड़ कर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने चोरी की इस घटना का पता करने और आरोपियों को हिरासत में लेने कई सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया था और मुखबिर भी लगाए थे। मुख्य आरोपी छावनी थाने का निगरानी बदमाश बादल सोनी को पकड़ने के बाद पुलिस तीन आरोपियों तक पहुंची। पुलिस ने इनके कब्जे से चार लाख रुपए के जेवरात और दो मोटरसाइकिल को जप्त किया है। इसकी जानकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक झा ने दी।

# जिले के सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में नैनो डीएपी एवं यूरिया भंडारित



**मुंगेली ।** जिले के 66 सेवा सहकारी समितियों एवं निजी विक्रय केन्द्रों में नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया का पर्याप्त मात्रा में भण्डारित है। इन सभी सेवा सहकारी समितियों में नैनो यूरिया 6497 नग भण्डारित कर 3207 नग किसानों को वितरण किया जा चुका है। इसी तरह नैनो डीएपी 3114 नग भण्डारित कर 1085 नग कृषकों को वितरण किया जा चुका है, जो कि मिट्टी को बिना नुकसान पहुंचाये फसल को पोषण प्रदान करता है। उपसंचालक कृषि एम.आर. तिग्गा ने बताया कि जिले को खरीफ 2025 हेतु बीज वितरण का 14 हजार 855 क्वि. का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके विरूद्व में 17 हजार 377 क्विंटल समितियो में भंडारित कर कृषकों को पूर्ण वितरण किया जा चुका है। इसी तरह खाद का 60 हजार 620 टन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके विरूद्व 51 हजार 368 टन भंडारित कर 47 हजार 200 टन कृषकों को वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा किसानों को किसानों को नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के प्रयोग, लाभ और सावधानियों की जानकारी दी जा रही है।

# पीएम सूर्य घर योजना को लेकर लोगों में उत्साह

## शिविर के माध्यम से सूर्य घर योजना की दी जा रही जानकारी

### भारत में घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना उद्देश्य

### घर की छतों पर सोलर पैनल लगाने दी जा रही सब्सिडी




**दुर्ग।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को लेकर लोगों में उत्साह के साथ संशय भी देखने को मिल रहा है। इसी संशय को दूर करने सीएसपीडीसीएल द्वारा जगह-जगह पीएम सूर्य घर योजना को लेकर शिविर लगाया जा रहे हैं। और लोगों को लोगों को इस योजना से संबंधित जानकारी दी जा रही है।बिजली बिल को शून्य करने के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को लेकर बड़ी पहल की है जिसको लेकर पूरे दुर्ग जिले में शिविर लगाकर इसकी जानकारी दी जा रही है गौरतलब है कि पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना एक सरकारी योजना है जिसका उद्देश्य भारत में घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना है। इस योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 फरवरी, 2024 को की थी। इस योजना के तहत लोगों को अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए 45000 से 100000 तक की सब्सिडी दी जा रही है। वही 3 किलो वाट सोलर पैनल लगाने से लगभग 360 यूनिट बिजली चलेगी जिससे उपभोक्ता का बिजली बिल शून्य हो जाएगा। मध्यमवर्गीय परिवार में 350 यूनिट की ज्यादातर खपत होती है। शिविर के माध्यम से पीएम सूर्य घर योजना को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। और सोलर पैनल लगाने की बातें बताई जा रही हैं।इसकी जानकारी मुख्य अभियंता एसआरबी खंडेलवाल ने दी।

# नियमों को ताक पर रखकर वाहन चलाने वालों पर कसा पुलिस का शिकंजा

## ब्लैक फिल्म और मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर रहे वाहन चालकों पर हुई चालानी कार्रवाई



**कोरबा।** कोरबा यातायात नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वालों के खिलाफपुलिस ने शिकंजा कसा हुआ है जिला पुलिस बल और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाते हुए बेपरवाह और लापरवाह वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई की है बीते 36 घंटे के दौरान लगभग 21 प्रकरण दर्ज किए गए हैं जिनमें से 12 प्रकरण ब्लैक फिल्म लगाकर वाहन चलाने वालों पर और साथ प्रकरण मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग करने वाले दो पहिया वाहन चालकों सहित दो प्रकरण बिना अनुमति के डीजे वाहन का उपयोग कर रहे चालकों के खिलाफ दर्ज किया गया है और इन सभी से जुर्माना वसूलते हुए चालानी कार्रवाई की गई है। जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया हुआ है उनके निर्देश का पालन करते हुए जिला पुलिस बल और यातायात पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर नशे में वाहन चलाने वालों तीन सवारी बैठ कर दो पहिया वाहन चलाने वालों बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर वाहन चलाने वालों सहित वाहनों में प्रतिबंधित ब्लैक फिल्म का उपयोग कर चार पहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ शिकंजा कस दिया है बीते 36 घंटे के दौरान कल 21 प्रकरण दर्ज किए गए हैं जिनमें से 12 प्रकरण ब्लैक फिल्म सात प्रकरण मॉडिफाई साइलेंसर और दो प्रकरण बिना अनुमति के डीजे वहां का उपयोग कर रहे वाहन मालिक और चालक के खिलाफ दर्ज किया गया है इन सभी से जुर्माना वसूलते हुए चालानी कार्रवाई भी की गई है इस अभियान में यातायात पुलिस के प्रभारी डीएसपी डीके सिंह के मार्गदर्शन में यातायात थाना प्रभारी तेज यादव सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर सहित पूरी टीम अपना योगदान निभा रही है।

## बस्ती श्रमनगर प्रगतिनगर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में 05 विकास कार्यो का भूमिपूजन कर तत्काल निर्माण कार्य प्रारंभ करने के दिए निर्देश

# उद्योग मंत्री ने स्लम बस्ती को दी 55 लाख रू.के विकास कार्यो की सौगात





**कोरबा।** प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने दर्री क्षेत्र की स्लम बस्ती को 55 लाख रूपये के विकास कार्यो की सौगात प्रदान की। वार्ड क्र. 60 श्रम नगर प्रगति नगर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उन्होने 05 महत्वपूर्ण विकास कार्यो का भूमिपूजन किया तथा सोमवार से ही इन निर्माण कार्यो को प्रारंभ करने एवं पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुए समयसीमा में कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियो को दिए। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर मती संजूदेवी राजपूत द्वारा की गई, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन सहित निगम के एम.आई.सी. के सदस्य, पार्षदगणों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दर्री जोनांतर्गत वार्ड क्र. 60 श्रम नगर में डॉ.कश्यप घर से भूषण मेहर घर तक 11 लाख 50 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. रोड, नाली का निर्माण, इसी वार्ड के श्रम नगर में ही योगेश बरेठ घर से रमेश नवरंग घर तक 11 लाख 80 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. रोड नाली निर्माण, इसी वार्ड श्रम नगर में ही तारंग घर से प्रभू सतनामी घर तक 09 लाख 50 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. रोड नाली निर्माण, इसी वार्ड के श्रम नगर बस्ती में ही पप्पू सतनामी घर से प्रजापति घर तक 07 लाख 20 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. रोड नाली निर्माण का कार्य कराया जाना हैं। इसी प्रकार वार्ड क्र. 48 मेन रोड दर्री दशहरा मैदान सामुदायिक भवन के पास 15 लाख रूपये की लागत से शेड निर्माण का कार्य होना हैं। आज वार्ड क्र. 60 श्रम नगर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने इन सभी विकास कार्यो का विधिवत भूमिपूजन किया।

**मैं सदैव आपके सुख-दुख का साथी रहा हूं, आगे भी रहूंगा** -इस मौके पर काफी संख्या में उपस्थित बस्तीवासियों को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने अपने भावपूर्ण उद्बोधन में कहा कि मैं सदैव निगम क्षेत्र की जनताजनार्दन व आप सभी के सुख-दुख का साथी रहा हूॅं, तथा आगे भी रहूॅंगा। आपकी हर समस्या के निराकरण के लिए, आपको सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए, मैं कृत संकल्पित हूॅं। उन्होने आगे कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान जब मैं इस बस्ती में आया था तो आप सबने इन विकास कार्यो की मांग की थी, मुझे खुशी है कि आपकी बहुप्रतीक्षित मांगे आज पूरी कर दी गई हैं। इस मौके पर उद्योग मंत्री देवांगन ने बस्ती में शेष सड़क, नाली निर्माण हेतु 15 लाख रूपये की घोषणा के साथ ही कहा कि दर्री मंदिर के सामने 25 लाख रूपये की लागत से भव्य डोम का निर्माण भी किया जाएगा। मंत्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आशीर्वाद से कोरबा में विकास कार्यो हेतु धनराशि की कोई कमी नहीं होगी तथा आप जनताजनार्दन की इच्छा, मांग व आवश्यकता के अनुसार सभी विकास कार्य होंगे। कोरबा के विकास के लिए समर्पित हैं उद्योग मंत्री -इस अवसर पर महापौर मती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन कोरबा के विकास के लिए सदैव समर्पित रहें हैं।

# पीएम आवास योजना में बड़ा खेल–पांडातराई में आवास की जगह खड़ा कर दिया व्यवसायिक कांपलेक्स, गरीबों का हक रसूखदारों ने लूटा




**पांडातराई।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) गरीबों के सिर पर पक्की छत का सपना पूरा करने के लिए चलाई गई थी। यह योजना बेघर, कमजोर और वंचित तबके को सम्मानजनक आश्रय देने की गारंटी थी। लेकिन नगर पंचायत पांडातराई (जिला कबीरधाम) में इस योजना को लेकर जो खुलासा हुआ है, वह भ्रष्टाचार और मिलीभगत का खुला सबूत है। यहाँ आवास योजना की राशि से मकान नहीं, बल्कि व्यवसायिक कांपलेक्स खड़ा कर दिया गया। गरीबों के रहने लायक घर की जगह दुकानों और प्रतिष्ठानों की कतारें खड़ी कर दी गई। और सबसे हैरानी की बात अधिकारियों ने इसे देखकर भी आँख मूँद ली और निर्माण का भुगतान खटाखट कर दिया। योजना की मंशा थी कि गरीबों को घर मिले, लेकिन पांडातराई में नजारा उल्टा है। कई आवास रसूखदारों ने गरीब हितग्राहियों से खरीद लिए। यानी गरीबों के हिस्से का हक सीधे अमीरों और दबंगों की झोली में चला गया।

### योजना का मूल उददेश्य और उपयोगिता

बेघरों को छत देना। शहरी झुग्गी-झोपड़ियों को खत्म करना। सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा देना। लेकिन पांडातराई में यह योजना भ्रष्टाचारियों और ठेकेदारों की कमाई का जरिया बन गई। गरीब परिवार आज भी किराये और झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। Email : loktantraprahrinews@gmail.com